# मेट्रो Rays
आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, शनिवार, 3 मई 2025

संवत 2082, वैशाख शुक्ल 6 - मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 238 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028






4 ▸▸ अलगाववादी तत्व भारत में शांति समृद्धि के शत्रु

रणवीर कपूर की बहन रिद्धिमा का 44 की उम्र में फिल्म डेब्यू ◂◂ 6





न्यूज ब्रीफ

## गर्मी में मिट्टी का टिकोरा, ग्लूकोज, इलेक्ट्रॉल पाउडर बांटेगा छात्र क्लब : शिव किशोर



**रांची :** छात्र क्लब ग्रुप की बैठक पिस्कामोड़ स्थित ग्लैसिया मॉल में क्लब के संरक्षक दीपक कुमार साहू की अध्यक्षता मे आयोजित की गई। इस बैठक मे छात्र क्लब ग्रुप के सभी यूनिट पर्यावरण मंच,बुद्धिजीवी मंच,चिकित्सक मंच,कला संस्कृति एवं खेलकूद मंच,प्रौद्योगिकी मंच,श्रमिक कल्याण मंच,कृषक कल्याण मंच,चाय विक्रेता मंच,समाचार पत्र विक्रेता मंच,हरे राम हरे कृष्ण मंच आदि के पदाधिकारी मौजूद हुए। बैठक मे भीषण गर्मी को देखते हुए निर्णय लिया गया कि क्लब के सभी पदाधिकारी पंछियों को पानी पीने के लिए अपने-अपने घरों के छत पर मट्टी का टिकोरा रखेंगें साथ ही अपने अपने क्षेत्र मे मिट्टी का टिकोरा,ग्लूकोज,इलेक्ट्रिक पाउडर आदि का वितरण भी करेंगे साथ ही पंछियों को बचाने एवं जल बबार्दी को रोकने के लिए लोगों को जागरुक भी करेंगे। इसके पूर्व क्लब का विस्तार करते हुए झारखंड उच्च न्यायालय के वरीय अधिवक्ता सोनाली भट्टाचार्य को छात्र क्लब ग्रुप का लीगल एडवाइजर बनाया गया। इस मौके पर क्लब के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा,संरक्षक विजय पाठक सहित पिया बर्मन,नमिता देवी,कुमारी नीलम,अनिता,शीला,अंजना प्रियदर्शनी,वीणाश्री विकाश कुमार सिन्हा,अनित प्रकाश सिंह,शुभम चौधरी,ऋषिकेश लाल,पीएन. मिश्रा,कुमार अभिनव,ऋषिका कुमारी,रविरंजन कुमार,प्रतिज्ञा कुमार सिंह व अन्य मौजूद थे। धन्यवाद ज्ञापन क्लब के मुख्य संयोजक संतोष कुमार श्रेयांश ने किया।

## पिस्का में रक्त दान शिविर का आयोजन



**रांची :** डेन फिटनेस क्लब जिम और शिवसेना दुर्गा पूजा समिति के संयुक्त तत्वावधान में पिस्का मोड़ लक्ष्मी नगर में आज रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया। पिछले 4 वर्षों से लगातार शिविर का आयोजन किया जा रहा है। सेवा सदन की टीम ने रक्त संग्रह किया । जिम के संचालक दीपक पोद्दार ने बताया कि रक्तदान करना शरीर के लिए भी काफी लाभदायक है बॉडी बहुत अच्छे से डिटॉक्स होती है और हर बॉडी पार्ट स्वस्थ रहता है। जिम के कई एथलीट्स में रक्तदान शिविर में भाग लिया और कई अभिभावक भी इस रक्त दान शिविर में रक्त दान किया। इस मौके पर समिति के मुख्य संरक्षक उदय प्रताप सिंह और नरेश पंडित सुदीप मणिकांत राव हर्ष तिवारी प्रिंस सिंह और गण मान्य लोग उपस्थित रहे।

## पत्थलगड़ा में जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों का हुआ स्वागत



**चतरा :** जिले के पत्थलगड़ा प्रखंड मुख्यालय स्थित जिला परिषद सदस्य रामसेवक भगत के आवास पर एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री सत्यानंद भोक्ता, झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता एवं सिमरिया विधानसभा से संभावित प्रत्याशी मनोज चंद्रा, जिला परिषद अध्यक्ष ममता कुमारी, उपाध्यक्ष एवं समाजसेवी ब्रजकिशोर तिवारी उर्फ बिरजू तिवारी, सिमरिया अनुमंडल पदाधिकारी सनी राज, पत्थलगड़ा प्रखंड विकास पदाधिकारी कलींद्र साहू तथा अंचल अधिकारी उदल राम सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित थे। कार्यक्रम में सभी अतिथियों का पारंपरिक ढंग से पुष्पगुच्छ एवं शॉल भेंट कर भव्य स्वागत किया गया। इसके उपरांत उन्हें सादर जलपान कराया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं, जैसे कि सड़क, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि पर गंभीरता से विचार-विमर्श किया तथा उनके समाधान हेतु सामूहिक प्रयास की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने भी भाग लिया एवं जिला परिषद सदस्य रामसेवक भगत एवं उनके पुत्र समाजसेवी संतोष कुमार वर्मा द्वारा आयोजित इस समावेशी एवं जनहितकारी पहल की सराहना की। उपस्थित सभी वक्ताओं ने एकमत से कहा कि इस प्रकार के संवाद और सहभागिता से ही क्षेत्र का समग्र विकास सुनिश्चित किया जा सकता है।

## हत्या के तीन आरोपी सहित सात गिरफ्तार

**चतरा:** जिले के प्रतापपुर पुलिस ने झारखंड-बिहार के सीमावर्ती क्षेत्र में सघन छापेमारी अभियान चलाकर आधा दर्जन से अधिक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार अभियुक्तों पर हत्या ,शराब व एनडीपीएस से कुल सात मामले दर्ज हैं। गिरफ्तार लोगों में अधिकतर अभियुक्त बिहार राज्य के रहने वाले हैं। गिरफ्तार लोगों में प्रतापपुर थाना क्षेत्र के गोमे निवासी मनोज पासवान,बिहार के लुटुआ थाना क्षेत्र के युगेश्वर पासवान, जितेन्द्र पासवान, ईमामगंज थाना क्षेत्र के लोकनाचक गांव निवासी रंजीत पासवान, कोठी थाना क्षेत्र के सोबड़ी गांव निवासी फूलचंन्द यादव,महेन्द्र चौधरी एवं हंटरगंज थाना क्षेत्र के रिंकु गंझू उर्फ सनोज गंझू का नाम शामिल है। सभी अभियुक्तो को शुक्रवार को मेडिकल जांच के बाद न्यायायिक हिरासत में चतरा भेज दिया गया है। इस संबंध में थाना प्रभारी कासिम अंसारी ने बताया कि प्रतापपुर थाना कांड संख्या 134/21 में गोमे गांव निवासी प्रदीप पासवान की हत्या के आरोप में युगेश्वर पासवान,जितेन्द्र पासवान, मनोज पासवान व चिंता देवी पर केस दर्ज था।सभी लोग पिछले चार वर्षो से फरार चल रहे थे । कांड संख्या 107/20 में फूलचंन्द यादव, 214/21 में महेन्द्र चौधरी, 214/20 रंजीत पासवान पर शराब बनाने एवं तस्करी का मामला दर्ज है। वही कांड संख्या 124/24 में पिंकु गंझू पर एनडीपीएस का केस दर्ज है। भेज गये सभी अभियुक्तो पर कई बार कोर्ट से नाटिस व वारंट जारी किया गया था।

# राज्य में खुलेगा खेल विश्वविद्यालय : मुख्य सचिव

मेट्रो रेज संवाददाता

**रांची:** राज्य में खेल को संरचनात्मक रूप से विकसित करने और राज्य की प्रतिभाओं को उच्चस्तरीय प्रशिक्षण देने के लिए अब खेल विश्वविद्यालय स्थापित किया जाएगा। यह विश्वविद्यालय झारखंड स्टेट स्पोर्ट्स प्रमोशन सोसायटी और सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के संयुक्त तत्वावधान में संचालित होगा। झारखंड स्टेट स्पोर्ट्स प्रमोशन सोसायटी की गवर्निंग काउंसिल की 11वीं बैठक में मुख्य सचिव अलका तिवारी ने इस संबंध में अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय खोलने की प्रक्रिया शीघ्र शुरू की जाए और इसके लिए एक कमेटी गठित कर बिहार के राजगीर में खुले खेल विश्वविद्यालय सहित अन्य राज्यों के मॉडल का अध्ययन किया जाए।

मुख्य सचिव ने खेलगांव में उपलब्ध 200 एकड़ भूमि, चार इनडोर और छह आउटडोर स्टेडियमों सहित अन्य सुविधाओं के अधिकतम उपयोग की बात कही। उन्होंने सुझाव दिया कि राज्य की खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए जो भी बेहतरीन उपाय संभव हों, उन्हें अमल में लाया जाए।

**खेल प्रशिक्षण से जुड़े बच्चों के लिए खुलेगा प्लस-2 स्कूलः** बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि स्पोर्ट्स एकेडमी से जुड़े बच्चों की शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए खेलगांव परिसर में ही एक सरकारी प्लस-2 स्कूल खोला जाएगा। मुख्य सचिव ने स्कूली शिक्षा सचिव को इस दिशा में कार्यवाही प्रारंभ करने का निर्देश दिया। बताया गया कि खेलगांव में पहले से ही स्कूल के लिए बुनियादी ढांचा उपलब्ध है, केवल शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति की आवश्यकता है। इसके साथ ही चार से पांच वर्ष की उम्र के बच्चों को खेल अकादमी से जोड़ने की भी योजना बनाई जा रही है, ताकि प्रारंभिक उम्र से ही उन्हें वैश्विक स्तर का प्रशिक्षण मिल सके।

**स्पोर्ट्स एकेडमी से अब तक 1628 बच्चों ने जीते सैकड़ों पदक**



: झारखंड स्टेट स्पोर्ट्स प्रमोशन सोसायटी और सीसीएल के संयुक्त प्रयास से वर्ष 2016 से खेलगांव स्थित स्पोर्ट्स एकेडमी में चयनित स्कूली बच्चों को मुफ्त आवास, भोजन, शिक्षा और खेल प्रशिक्षण की सुविधा दी जा रही है। 200 एकड़ के इस परिसर में कुल 1400 बच्चों के प्रशिक्षण की क्षमता है, हालांकि वर्तमान में 220 बच्चे (92 लड़के और 128 लड़कियां) प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। इनके लिए 47 प्रशिक्षक और सपोर्ट स्टाफ कार्यरत हैं।

अब तक इस अकादमी से प्रशिक्षित 1628 बच्चों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चार स्वर्ण, चार रजत और छह कांस्य पदक, राष्ट्रीय स्तर पर 74 स्वर्ण, 70 रजत और 118 कांस्य पदक तथा राज्य स्तर पर 763 स्वर्ण, 352 रजत और 227 कांस्य पदक जीत चुके हैं।

**ऊर्जा बचत के लिए प्रस्तावित सोलर प्लांटः** बैठक में सीसीएल की ओर से खेलगांव परिसर में पांच मेगावाट क्षमता का सोलर सिस्टम स्थापित करने का प्रस्ताव भी दिया गया, जिसे सीसीएल अपने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व फंड से पूरा करेगा। इससे बिजली बिल में भारी कटौती होगी और बचत की गई राशि को खेल संबंधी गतिविधियों के उन्नयन में उपयोग किया जाएगा। खेल विभाग ने बैठक में बताया कि खेलगांव का इंफ्रास्ट्रक्चर लगभग 15 वर्ष पुराना हो चुका है और उसमें सुधार की आवश्यकता है। इस पर मुख्य सचिव ने जल्द आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

**खेल नीति को मिलेगी नई दिशाः** इस महत्वपूर्ण बैठक में गृह विभाग की प्रधान सचिव वंदना दादेल, खेल-कूद विभाग के सचिव मनोज कुमार, स्कूली शिक्षा सचिव उमाशंकर सिंह, सीसीएल के सीएमडी निलेंदु कुमार सिंह सहित स्पोर्ट्स एकेडमी से जुड़े कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में लिए गए निर्णयों से स्पष्ट है कि राज्य सरकार अब खेलों के प्रति एक ठोस, दीर्घकालिक और व्यावहारिक दृष्टिकोण अपना रही है, जिससे झारखंड की खेल प्रतिभाएं राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपना परचम लहरा सकेंगी।

# भगवान बिरसा मुंडा की बनेगी भव्य प्रतिमा

## मंत्री सुदिव्य कुमार ने किया स्थल का निरीक्षण

मेट्रो रेज संवाददाता

**रांची :** नगर विकास और पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा है कि झारखंड में भगवान बिरसा मुंडा की एक भव्य प्रतिमा बनाई जाएगी, जिसे स्टैच्यू ऑफ स्ट्रेंथ नाम दिया गया है। यह प्रतिमा झारखंड की पहचान बनेगी और राज्य के पर्यटन और संस्कृति को बढ़ावा देगी।

मंत्री सुदिव्य कुमार ने रांची के बायोडायवर्सिटी पार्क और रांची-टाटा रोड के पास नामकुम प्रखंड के हाहाप पंचायत में प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण किया। मंत्री ने बताया कि भगवान बिरसा मुंडा की यह भव्य प्रतिमा एक बड़ी पहाड़ी पर बनाई जाएगी, जो रांची-टाटा रोड के किनारे है। इसके लिए मंत्री ने इलाके का दौरा किया और सबसे उपयुक्त स्थान का चयन किया।





**क्या-क्या बनेगा इस परियोजना में**

- -पहाड़ी की चोटी पर भगवान बिरसा मुंडा की भव्य प्रतिमा
- पहाड़ी क्षेत्र में पार्क, कैफेटेरिया और पार्किंग की सुविधा
- पहाड़ी पर चढ़ने के लिए सड़क का निर्माण

**बायोडायवर्सिटी पार्क में न्यूट्रीशन पार्क और महिलाओं को मिलेगा प्रशिक्षणः** बायोडायवर्सिटी पार्क के निरीक्षण के दौरान मंत्री ने निर्देश दिया कि यहां एक न्यूट्रीशन पार्क भी बनाया जाए। इसमें पर्यटकों के लिए जरूरी सुविधाएं रहेंगी। साथ ही, स्थानीय महिलाओं को होटल प्रबंधन संस्थान (आईएचएम) के जरिए आतिथ्य सेवा (हॉस्पिटैलिटी) में प्रशिक्षण देने की बात कही, जिससे उन्हें रोजगार मिल सके और पर्यटकों को बेहतर सेवा मिले।

# 7.70 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ पांच गिरफ्तार, भेजे गये जेल

मेट्रो रेज संवाददाता

**चतरा :** गिद्धौर थाना क्षेत्र के जपुआ मैदान के समीप से 7.70 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ पांच युवक के साथ एक नाबालिक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार सभी को जेल भेज दिया गया। बताया जाता है कि पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पांडेय को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि थाना क्षेत्र के जपुआ मैदान में कुछ युवक ब्राउन शुगर खरीद बिक्री करने वाले हैं। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सिमरिया के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शुभम् खंडेलवाल के नेतृत्व में एक छापामारी दल गठन किया गया।उक्त स्थान पर पहुंचकर पुलिस ने पांच युवकों के साथ एक नाबालिक को गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में गिद्धौर थाना कांड संख्या 27/25 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। गिद्धौर लोगों में कटघरा के लोकनाथ दांगी का पुत्र श्रवण कुमार (24 वर्ष) सिमर टोला के अशोक कुमार दांगी का पुत्र राहुल कुमार (19 वर्ष) व एक नाबालिग शामिल है।जबकी हजारीबाग सदर थाना के बंसीलाल चौक के हरी भूषण प्रसाद का पुत्र बंटी कुमार (26 वर्ष),कटकमदाग थाना क्षेत्र के नर्सिंग स्थान के रामचंद्र यादव का पुत्र कृष्ण कुमार यादव (29 वर्ष) एवं सुरेश यादव का पुत्र मुकेश कुमार यादव (28 वर्ष) नवादा बनहा थाना कटकमदाग शामिल है। गिरफ्तार युवकों के पास से एक छोटा मापतोल मशीन, चार स्क्रीन टच मोबाइल और दो मोटरसाइकिल भी जप्त किया गया है। छापेमारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शुभम कुमार खंडेलवाल,गिद्धौर थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता,सहायक अवर निरीक्षक विद्यानंद शर्मा के साथ सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।



## जंगल से लकड़ी लाने गई विवाहिता की हत्या

**चतरा :** जिले के कुन्दा थाना क्षेत्र के चिरी जंगल में एक विवाहिता का शव संदिग्ध अवस्था में पाया गया। विवाहिता की पहचान बरवाटोला गांव निवासी नारायण गंझू की पत्नी कुंती देवी के रूप में की गई। परिजनों ने बताया कि कुंती शुक्रवार को जंगल से लकड़ी लाने की बात कहकर घर से निकली थी। परंतु जब वह देर शाम तक घर नहीं लौटी तो लोगों ने उसकी खोज बिन शुरू की। इसी दौरान शनिवार को जंगल में मवेशी चराने गए चारवाहों की नजर शव पर पड़ी। जिसकी सूचना उन्होंने गांव वालों को दी। ग्रामीणो ने इसकी सूचना पुलिस को दिया। पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेते हुवे पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल चतरा भेज दिया। इधर मृतका के भाई ने बताया कि मेरी बहन की हत्या जमीन विवाद को लेकर की गई है। हत्या का आरोप उसके देवर परमेश्वर गंझू सहित अन्य तीन लोगों पर लगाया है। फिलहाल पुलिस हत्या के इस मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

# बिजली आपूर्ति निर्माण में श्रमिकों का अमूल्य योगदान : जीएम




## महाप्रबंधक कार्यालय में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस

मेट्रो रेज संवाददाता

**चतराः** टंडवा प्रखंड अंतर्गत सीसीएल के आम्रपाली-चंद्रगुप्त क्षेत्र के महाप्रबंधक कार्यालय में गुरुवार को अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक अमरेश कुमार सिंह ने सभी श्रमिकों और कर्मचारियों को शुभकामनाएं दीं तथा राष्ट्र की ऊर्जा आपूर्ति के निर्माण में श्रमिकों के अमूल्य योगदान की सराहना की।अपने संबोधन में श्री सिंह ने कहा कि मजदूर वर्ग किसी भी राष्ट्र की प्रगति की नींव होते हैं और उनकी मेहनत व समर्पण से ही ऊर्जा उत्पादन एवं आपूर्ति जैसे महत्वपूर्ण कार्य संभव हो पाते हैं। उन्होंने श्रमिकों की भूमिका को सम्मान देते हुए उनके कल्याण के लिए कंपनी द्वारा किए जा रहे प्रयासों की जानकारी भी दी। कार्यक्रम के अंत में सभी कर्मचारियों व श्रमिकों के बीच मिष्ठान का वितरण किया गया। आयोजन में अधिकारियों, कर्मचारियों और श्रमिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और इस दिन को श्रम, सम्मान और एकता के प्रतीक के रूप में मनाया।

::::::::::::::::::::::

## पिकअप वाहन की चपेट में आने से ट्रक खलासी व दो सगे भाई गंभीर - ट्रक के एक खलासी की मौत

**चतराः** सदर थाना क्षेत्र के संघरी घाटी में पिकअप वाहन की चपेट में आने से दो ट्रक खलासी गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसमें से एक संदीप यादव की स्थानीय अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई,जबकि घायल नीरज कुमार को रेफर कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक घटना के बाद स्थानीय पुलिस की सहायता से दोनों घायलों को एम्बुलेंस की सहायता से सदर अस्पताल चतरा भेजा गया। जहां चिकित्सकों ने एक खलासी संदीप कुमार को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल दूसरे खलासी नीरज कुमार को प्राथमिक उपचार के पश्चात रेफर कर दिया गया। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक टंडवा के कोल परियोजना के कोयला लोड कर ट्रक संख्या बीआर 02 जीडी 9819 के खलासी संदीप कुमार और उसका सगा भाई नीरज कुमार सदर थाना क्षेत्र के भुइयांडीह घाटी पर पंचर हुए ट्रक की टायर बदल रहे थे। तभी अचानक हंटरगंज की ओर से आ रही तेज पिकअप वाहन संख्या जेएच 05 सीटी 7603 ने दोनों खलासी को अपनी चपेट में ले लिया।मृत व घायल खलासी बिहार के गया जिले के डोभी थाना क्षेत्र घटेरिया गांव के निवासी बताए जाते है। घटना के संबंध में मृतक के पिता रघु यादव ने बताया कि उनके दो पुत्र अलग अलग ट्रक में रहकर खलासी का काम करते हैं। उनका बड़ा पुत्र संदीप कुमार बीआर 02 जीडी 9819 में खलासी है। वहीं छोटा पुत्र नीरज कुमार,ट्रक संख्या बीआर 02 जीडी 3681 में खलासी के रूप में काम करते हैं। घटना के दिन दोनों पुत्र अपनी अपनी ट्रकों से चतरा से डोभी की ओर जा रहे थे। अचानक से भुइयांडीह घाटी के समीप एक ट्रक का टायर पंचर हो गया।दोनो ट्रक को खड़ा कर उनके दोनों पुत्र पंचर टायर को बदलने के लिए जक लगाने जा रहे थे। इसी क्रम में तेज गति से आ रहे पिकअप वाहन की चपेट में आने से दोनों पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसमें से एक पुत्र की मौत हो गई और एक पुत्र को रेफर कर दिया गया है। पीड़ित पिता ने सदर थाना में आवेदन देकर पिकअप वाहन चालक के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की है। इस मामले में सदर थाना कांड संख्या 151/25 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# हाईकोर्ट का निर्देश : बायोवेस्ट प्रबंधन पर सभी जिलों को देनी होगी जानकारी

## आठ मई तक डीसी से मांगा गया है रिपोर्ट

मेट्रो रेज संवाददाता

**रांची :** झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य के सभी जिलों के उपायुक्तों (डीसी) को निर्देश दिया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में बायोवेस्ट यानी जैविक कचरा प्रबंधन के लिए उठाए गए कदमों की रिपोर्ट जल्द से जल्द अदालत में दाखिल करें। अदालत ने यह आदेश शुक्रवार को दिया जब वह राज्य में बायोवेस्ट के निपटारे को लेकर दायर जनहित याचिका (पीआईएल) की सुनवाई कर रही थी।

**हाईकोर्ट की खंडपीठ ने जताई नाराजगीः** मुख्य न्यायाधीश एमएस रामचंद्र राव और न्यायमूर्ति राजेश शंकर की खंडपीठ ने सुनवाई के दौरान नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि अदालत पहले भी सभी जिलों के डीसी को रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दे चुकी है, लेकिन अब तक अधिकतर जिलों ने आदेश का पालन नहीं किया है। अदालत ने अब अगली सुनवाई की तारीख 8 मई तय की है और सभी डीसी को उस दिन से पहले रिपोर्ट दाखिल करने का कड़ा निर्देश दिया है।

**याचिकाकर्ता संगठन ने लगाए थे गंभीर आरोपः** यह याचिका झारखंड ह्यूमन राइट्स कंफेडरेशन नामक गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) ने दायर की थी। याचिका में आरोप लगाया गया है कि झारखंड में खासकर अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों से निकलने वाला बायोवेस्ट और मेडिकल




वेस्ट (चिकित्सा कचरा) सही तरीके से नहीं निपटाया जा रहा है। इसके कारण न केवल प्रदूषण बढ़ रहा है, बल्कि इससे गंभीर बीमारियों के फैलने का खतरा भी बढ़ गया है। याचिकाकर्ता संगठन ने अपने आवेदन में विशेष रूप से राजधानी रांची का जिक्र करते हुए कहा कि यहां के कई बड़े अस्पतालों में बायोवेस्ट को सुरक्षित तरीके से नष्ट करने की कोई उचित व्यवस्था नहीं है। इसके चलते कई अस्पताल अपना कचरा खुले में फेंक देते हैं या फिर नजदीकी नदियों और तालाबों में बहा देते हैं। इससे न केवल पानी के स्रोत दूषित हो रहे हैं, बल्कि स्थानीय लोगों के स्वास्थ्य पर भी बुरा असर पड़ रहा है।

**केवल राजधानी तक सीमित नहीं है समस्या : कोर्ट**

शुरूआत में यह याचिका केवल रांची में बायोवेस्ट निपटान की समस्या पर केंद्रित थी। लेकिन बाद में अदालत ने इस मामले का दायरा बढ़ाते हुए पूरे राज्य में जैविक कचरे के प्रबंधन पर निगरानी शुरू कर दी। अदालत का मानना है कि यह समस्या केवल राजधानी तक सीमित नहीं है, बल्कि झारखंड के अन्य जिलों में भी यही स्थिति बनी हुई है।

**क्या होता है बायोवेस्ट और क्यों है यह खतरनाक?**

बायोवेस्ट में अस्पतालों में इस्तेमाल होने वाली सिरिंज, पट्टियां, दवाइयों के खाली पैकेट, संक्रमित कचरा और अन्य जैविक अवशेष आते हैं। यदि इन्हें वैज्ञानिक तरीके से अलग करके और ट्रीटमेंट के बाद नष्ट नहीं किया जाता, तो यह इंसानों और जानवरों दोनों के लिए घातक साबित हो सकता है। यही वजह है कि बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट को लेकर केंद्र सरकार ने भी कड़े नियम बनाए हैं, जिनका पालन हर अस्पताल और क्लिनिक को करना जरूरी है। अगर इसे खुले में फेंका जाता है, तो जानवर इसे खा सकते हैं और इससे आसपास के लोगों में बीमारियां फैल सकती हैं, जैसे – डेंगू, हेपेटाइटिस, एचआईवी और त्वचा रोग।



# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, शनिवार, 3 मई 2025

संवत 2082, वैशाख शुक्ल 6 - मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 238 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▸▸ अलगाववादी तत्व भारत में शांति समृद्धि के शत्रु

रणवीर कपूर की बहन रिद्धिमा का 44 की उम्र में फिल्म डेब्यू ◂◂ 6


## गोवा के शिरगांव मंदिर में श्री लैराई जात्रा के दौरान मची भदगड़

# सात श्रद्धालुओं की मौत, 30 से ज्यादा घायल



एजेंसी

**नई दिल्ली :** शुक्रवार देर रात गोवा के शिरगांव में श्री लैराई जात्रा के दौरान दर्दनाक हादसा हो गया। जात्रा के दौरान भगदड़ मचने से 7 श्रद्धालुओं की मौत हो गई जबकि 30 से ज्यादा घायल हो गये है। घायलों को तुरंत गोवा मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) और मापुसा स्थित नॉर्थ गोवा डिस्ट्रिक्ट हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है।

चश्मदीदों ने बताया कि भगदड़ के दौरान हालात बेहद डरावने हो गए थे और लोग एक-दूसरे पर गिरते-पड़ते बाहर निकलने की कोशिश कर रहे थे। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और आपातकालीन सेवाएं मौके पर पहुंचीं और तुरंत राहत व बचाव कार्य शुरू किया गया। घायलों को नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। अधिकारियों ने अभी तक भगदड़ के पीछे की वजह की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है, लेकिन शुरूआती रिपोर्टों के मुताबिक, भीड़ ज्यादा होने और उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण यह हादसा हुआ।

### हादसे पर पीएम मोदी और राहुल गांधी ने जताया शोक

शिरगांव में हुए दर्दनाक हादसे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नेता विपक्ष राहुल गांधी ने शोक जताया है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पीएम ने लिखा, गोवा के शिरगाओ में भगदड़ के कारण हुई मौतों से दुखी हूं। अपने प्रियजनों को खोने वालों के प्रति संवेदना। घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं। स्थानीय प्रशासन प्रभावित लोगों की सहायता कर रहा है। कांग्रेस ने लिखा, श्री लैराई देवी, शिरगाओ के जातरोत्सव में हुई भगदड़ से बहुत दुखी है। हम इस दुखद घटना की शोक व्यक्त करते हैं और अपने प्रियजनों को खोने वाले परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हैं। सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना।

वहीं राहुल गांधी ने लिखा है कि गोवा के शिरगांव स्थित लैराई देवी मंदिर में वार्षिक यात्रा के दौरान भगदड़ में कई श्रद्धालुओं की मृत्यु और अनेक के घायल होने का समाचार बहुत दुखद है।सभी शोकाकुल परिजनों को अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। साथ ही, सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की आशा करता हूं।

# पत्नी की हत्या करने के बाद पति ने की आत्महत्या, इलाके में सनसनी

- मृतक दंपति का 1 बेटा और 2 बेटी है
- पुलिस मामले की जांच में जुटी

मेट्रो रेज

**चाईबासा :** पूर्वी सिंहभूम से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है जहां एक पति ने अपनी पत्नी की धारदार हथियार से हत्या कर दी। इसके बाद पति ने खुद भी अपनी जान दे दी। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मामला जिले के कोवाली थाना के जुड़ीपहाड़ी गांव का है। बताया जा रहा है कि पति ने पहले अपनी पत्नी पर धारदार हथियार से हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया। बीच बचाव करने आए बेटे पर भी आरोपी ने हमला कर दिया। पत्नी की मौत हो जाने के बाद आरोपी दूसरे कमरे में घुस गया और गमछे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आनन-फानन में घायल



बेटे को अस्पताल पहुंचाया गया जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। मृतक दंपति का 1 बेटा और 2 बेटी है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## तेज रफ्तार स्कार्पियों ने दो युवकों को कुचला मौत, आक्रोशित लोगों ने किया सड़क जाम

संवाददाता

**हजारीबाग :** चरही थाना क्षेत्र में शुक्रवार की रात सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। तेज रफ्तार स्कार्पियों की चपेट में आने से दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गये थे। घटना चरही थाना क्षेत्र के चरही -घाटो मार्ग के तापीन के बयालीस नंबर चौक की है। जानकारी के अनुसार, शुक्रवार रात दो युवक राजू और करण आपस में बातचीत करते हुए सड़क के किनारे चल रहे थे। लेकिन इसी बीच चरही की ओर से घाटो जा रही एक अज्ञात स्कॉर्पियो ने दोनों को अपनी चपेट में ले लिया। अज्ञात स्कॉर्पियो दोनों





युवकों को रौंद कर फरार हो गया। घटना में राजू और करण बुरी तरह जख्मी हो गये। पुलिस ने दोनों युवकों की गंभीर हालत को देखा और एंबुलेंस बुलाया। पुलिस ने तुरंत घायलों को एंबुलेंस के माध्यम से इलाज के लिए हजारीबाग भेज दिया। लेकिन अस्पताल जाते वक्त रास्ते में ही दोनों युवकों ने दम तोड़ दिया। उनके मौत की खबर मिलते ही लोग आक्रोशित हो गये।घटना से आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर हंगामा शुरू दिया। चहरी पुलिस पूरे दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंची और नाराज लोगों को समझा बुझाकर रात में किसी तरह मामला को शांत कराया।

## गैंगरेप केस में सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला

# एक ने दुष्कर्म किया, फिर भी सभी को मिलेगी सजा

एजेंसी

**नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट की विशेष पीठ ने गैंगरैप (धारा 376(2)(जी )आईपीसी के एक मामले में ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए स्पष्ट किया है कि यदि साझा इरादा सिद्ध हो जाए, तो केवल एक आरोपी द्वारा दुष्कर्म का कृत्य करने पर भी सभी शामिल व्यक्तियों को गैंगरैप के लिए दोषी ठहराया जा सकता है।

यह टिप्पणी मध्य प्रदेश के 2004 के एक महिला किडनैपिंग एवं गैंगरैप मामले में की गई, जिसमें दो आरोपियों राजू व जलंधर कोल पर मुकदमा था। घटना 2004 जून में एक विवाह समारोह से लौट रही महिला का अपहरण कर, उसे विभिन्न स्थानों पर अवैध बंदी बनाकर गैंगरैप करने की थी। पीड़िता ने



बताया कि आरोपियों ने साझा मंशा से यह अपराध किया। ट्रायल कोर्ट ने दोनों आरोपियों को गैंगरैप, अपहरण और अवैध बंदीकरण के आरोप में दोषी ठहराते हुए राजू को आजीवन कारावास, और जलंधर कोल को 10 वर्ष कैद की सजा सुनाई। हाईकोर्ट ने ट्रायल कोर्ट के फैसले को अपरिवर्तित रखा। इसके बाद राजू ने सुप्रीम कोर्ट में अपील की। सुप्रीम कोर्ट ने फैसला देते हुए कहा, आईपीसी की धारा 376(2)(जी) में एक से अधिक ने साझा इरादे से अपराध में भाग लिया हो, तो यह साबित करने की आवश्यकता नहीं कि प्रत्येक व्यक्ति ने दुष्कर्म किया; एक आरोपी द्वारा किया गया दुष्कर्म सभी को दोषी ठहराने के लिए पर्याप्त है। कोर्ट ने राजू की अपील खारिज कर मध्य प्रदेश हाईकोर्ट का निर्णय बरकरार रखा।

## पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ने भारत को दी गीदड़भभकी

# अगर सिंधु नदी का पानी रोका तो हम कर देंगे हमला

एजेंसी

**नई दिल्ली :** पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर पहुंच गया है। एक ओर जहां भारत में 26 निर्दोष लोगों की मौत के बाद जनता पाकिस्तान के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रही है, वहीं पाकिस्तान के नेता बौखलाहट में धमकी भरे बयान दे रहे हैं। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने एक आपत्तिजनक बयान देते हुए कहा कि अगर भारत सिंधु नदी पर कोई बांध बनाकर पाकिस्तान का पानी रोकने की कोशिश करता है, तो



इसे युद्ध की कार्यवाही माना जाएगा और पाकिस्तान भारत पर हमला कर देगा। उनका दावा है कि ऐसा कदम सिंधु जल समझौते का उल्लंघन होगा। गौरतलब है कि भारत सरकार ने पहलगाम हमले के बाद सिंधु जल समझौते की समीक्षा और संभावित रद्दीकरण की चेतावनी दी थी। इसके बाद से पाकिस्तान में खलबली मची हुई है। भारत के इस रुख को देखते हुए पाकिस्तान ने अपनी सेना को अलर्ट पर रखा है। ख्वाजा आसिफ ने भारत पर आरोप लगाया कि वह पहलगाम हमले को लेकर पाकिस्तान पर बेबुनियाद आरोप लगा रहा है। उन्होंने कहा कि अब तक भारत कोई ठोस सबूत पेश नहीं कर सका है, जिससे यह साबित हो कि हमले में पाकिस्तान का हाथ है। विश्लेषकों के अनुसार, पाकिस्तान की यह आक्रामक बयानबाजी दरअसल भारत की संभावित कार्रवाई को लेकर उनके डर को छिपाने की कोशिश है।

### भारत ने पाकिस्तान को दिया एक और झटका

## पहलगाम हमले को लेकर सभी तरह के आयात बंद

**नई दिल्ली :** पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत एक-एक कर-के पाकिस्तान की घेराबंदी कर रहा है। भारत ने पाकिस्तान को एक और चोट दिया है और वो है आर्थिक चोट। भारत ने पाकिस्तान से आने वाले सामानों पर प्रतिबंध लगा दिया है। पहले भारत ने डायरेक्ट इम्पोर्ट बंद किया था और अब इनडायरेक्ट इम्पोर्ट भी बंद कर दिया है। भारत के वाणिज्य मंत्रालय ने कहा है कि अब पाकिस्तान से पूरी तरह से आयात पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। यह पाकिस्तान को आर्थिक रूप से कमजोर करने के लिए उठाया गया है बड़ा कदम है।भारत का वाणिज्य मंत्रालय उन उत्पादों की सूची तैयार कर रहा है, जिन्हें भारत से आयात-निर्यात नहीं किया जाएगा।

# मुख्यमंत्री ने किया स्वास्थ्य बीमा योजना का शुभारंभ

मेट्रो रेज

**रांची :** झारखंड हाईकोर्ट और राज्य के विभिन्न जिलों में प्रैक्टिस कर रहे लगभग 27,000 वकीलों और उनके परिवारों को अब स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आज शनिवार को खेलगांव स्थित हरिवंश टाना भगत ऑडिटोरियम में इस योजना का औपचारिक शुभारंभ किया।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने अधिवक्ताओं को अधिवक्ता स्वास्थ्य बीमा कार्ड भी सौंपा। झारखंड देश का पहला राज्य बन गया है, जहां वकीलों और उनके आश्रितों के लिए विशेष स्वास्थ्य



बीमा योजना शुरू की गई है। इस योजना का उद्देश्य अधिवक्ताओं और उनके परिवारों को इलाज से जुड़ी आर्थिक समस्याओं से राहत दिलाना है। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ मंत्री राधा कृष्ण किशोर, सुदिव्य सोनू, दीपिका पांडेय सिंह, शिल्पी नेहा तिर्की, इरफान अंसारी, संजय यादव, स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार, राज्य के महाधिवक्ता, स्टेट बार काउंसिल के सदस्य, और विभिन्न जिलों के बार एसोसिएशन के अध्यक्ष व महासचिव भी शामिल हुए।

## मणिपुर हिंसा के दो साल होने पर राज्यभर में शटडाउन सामान्य जीवन प्रभावित

**इंपाल :** मणिपुर में दो साल पहले शुरू हुई जातीय हिंसा की बरसी पर राज्यभर में आज बंद (शटडाउन) का व्यापक असर देखा जा रहा है। हिंसा की दूसरी वर्षगांठ पर मैतेई और कुकि समुदायों से जुड़े संगठनों ने अलग-अलग क्षेत्रों में बंद का आह्वान किया, जिससे सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ।

इंफाल घाटी में मैतेई समुदाय के संगठन को-ऑर्डिनेटिंग कमिटी ऑन मणिपुर इंटीग्रिटी (सीओसीओ एमआई) ने शटडाउन का ऐलान किया है। दूसरी ओर, कुकि समुदाय के संगठन जोमी स्टूडेंट्स फेडरेशन और कुकि स्टूडेंट्स ऑर्गनाइजेशन ने पहाड़ी इलाकों में बंद रखा है। इस दौरान बाजार, निजी कार्यालय, स्कूल-कॉलेज और सार्वजनिक परिवहन सेवाएं पूरी तरह से बंद हैं।

## पहलगाम आतंकी हमले के बाद धनबाद में एटीएस की बड़ी कार्रवाई

# हिज्ब उत-तहरीर का पांचवां संदिग्ध आतंकी गिरफ्तार

मेट्रो रेज

### एक साल पहले जेल से निकला था बाहर


**रांची :** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद झारखंड में एटीएस से अपनी कार्रवाई तेज कर दी है। आतंकी संगठनों से जुड़े लोगों की धड़पकड़ बढ़ा दी गई है। एटीएस ने धनबाद से प्रतिबंधित आतंकी संगठन हिज्ब उत-तहरीर के पांचवें संदिग्ध आतंकी अम्मार को गिरफ्तार कर लिया है। संदिग्ध आतंकी अम्मार धनबाद के भूली ओपी क्षेत्र के शमशेर नगर का रहने वाला है। वो एक साल पहले ही मई 2024 में जेल से छूटकर आया था। जांच के दौरान एटीएस को अम्मार के मोबाइल से प्रतिबंधित आतंकी संगठन हिज्ब उत-तहरीर से जुड़े कई दस्तावेज मिले है, जिसे एटीएस ने जब्त कर लिया है। एटीएस द्वारा की गई पूछताछ में अम्मार ने बताया है कि वह पहले इंडियन मुजाहिद्दीन आतंकी संगठन से जुड़ा हुआ था। इस आरोप में साल 2014 में जोधपुर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। इंडियन मुजाहिद्दीन का आतंकी होने के कारण उसने 10 साल जेल में सजा काटी। अम्मार यासर ने बताया कि वह 10 साल जेल में सजा काटने के बाद मई 2024 में जमानत पर जेल से बाहर आया था।

# राज्य में 6 मई तक आंधी-बारिश, 15 के बाद बढ़ेगी गर्मी

- रांची में इस बार 42 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है पारा

मेट्रो रेज

**रांची :** राज्य के कई जिलों में छह मई तक आंधी-ओलावृष्टि, वज्रपात और बारिश के संकेत मिले है। शनिवार को पलामू, गढ़वा, चतरा, लातेहार में येलो अलर्ट जारी किया गया है। वहीं राजधानी रांची सहित 20 जिलों में ऑरेंज अलर्ट मौसम विभाग ने जारी किया है। रांचीवासियों को



15 मई तक गर्मी से राहत मिलती रहेगी। इस दौरान तापमान में गिरावट आएगी। पारा 32-34 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना।

मौसम विभाग ने शनिवार को 20 जिलों में 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवा चलने की संभावना जतायी है। वहीं लगातार मौसम में बदलाव से मई माह में मौसम सुहाना हो गया है। सभी जिलों में का अधिकतम तापमान व न्यूनतम तापमान गिर गया है। शुक्रवार को मेदिनीनगर का तापमान सबसे अधिक 34 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। वहीं रांची का अधिकतम तापमान 31त्र8 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 5।3 डिग्री सेल्सियस कम है। रांची का न्यूनतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 6.7 डिग्री कम है।

मौसम विभाग के अनुसार, रांची में मई के तीसरे और चौथे सप्ताह में तापमान में वृद्धि होगी। महीने का अंतिम सप्ताह लोगों को तपाएगा। इस दौरान पारा 40 से 42 डिग्री तक चढ़ने की संभावना है। इस माह पिछले साल की गर्मी का रिकॉर्ड भी टूट सकता है। साल 2024 में पारा 42.2 डिग्री तक पहुंचा था। पिछले पांच साल में अधिकतम तापमान 2020 में 40.2, 2021 में 38.2, 2022 में 40.4, 2023 में 41.0 और 2024 में 42.2 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा है।

## सुविचार

**मेहनत अगर आदत बन जाए, तो सफलता ही तकदीर बन जाती है।**

## गलती न दोहराएं

**भुवनेश्वर** के कलिंगा इंस्टिट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नॉलजी में ढाई महीने के भीतर एक और नेपाली छात्रा की मौत होना केवल इस प्राइवेट यूनिवर्सिटी की छवि पर धक्का नहीं है- इससे भारत के विदेशी स्टूडेंट्स को आकर्षित करने के प्रयासों पर भी चोट पहुंची है। ओडिशा पुलिस ने मामला आत्महत्या का बताया है, लेकिन फिर भी केस की गहराई से छानबीन होनी चाहिए। विश्वविद्यालय प्रशासन को इस बार उन गलतियों से बचना होगा, जो फरवरी में हुई थीं।

**कूटनीतिक संकट की वजह :** 18 साल की छात्रा बीटेक कंप्यूटर साइंस की फर्स्ट ईयर की स्टूडेंट थी और उसका शव हॉस्टल रूम में मिला। इससे पहले 16 फरवरी को बीटेक थर्ड ईयर की एक नेपाली स्टूडेंट ने आत्महत्या कर ली थी और उसमें एक छात्र पर प्रताड़ित करने का आरोप लगा था। लेकिन असली दिक्कत हुई विश्वविद्यालय प्रशासन की लापरवाही से और इसने भारत-नेपाल के बीच कूटनीतिक संकट की स्थिति ला दी थी। तब नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली तक को छात्रा के लिए न्याय की मांग करनी पड़ी थी और इसके बाद कुछ सख्त कदम उठाए गए थे। इस बार ओडिशा सरकार और यूनिवर्सिटी, दोनों पर जिम्मेदारी है कि वैसी नौबत न आए।

**नकारात्मक असर से बचाव :** भारत सरकार ने 2018 में स्टडी इन इंडिया (रक्क) प्रोग्राम शुरू किया, जिसका मकसद है विदेशी स्टूडेंट्स को भारत बुलाना। अब विदेशी छात्र किसी देश में इस भरोसे के साथ जाते हैं कि वहां उन्हें समानता और सुरक्षा के साथ बेहतर शिक्षा हासिल करने का मौका मिलेगा। लेकिन जब एक ही संस्थान में इस तरह की दो घटनाएं हो जाएं, तो भरोसा टूटता है। ङक्क्ळ का नकारात्मक असर बाकी जगहों पर न पड़े, इसका ख्याल रखना होगा।

**टॉप देशों से पीछे :** अंतरराष्ट्रीय छात्रों को लुभाने के मामले में भारत वैसे भी बहुत पीछे है। 2021-22 में कुल 46,878 विदेशी स्टूडेंट्स ने ही भारत में एडमिशन के लिए अप्लाई किया था। इसमें सबसे ज्यादा करीब 28% स्टूडेंट्स नेपाल से आए थे। पिछले बरसों के मुकाबले यह आंकड़ा बेहतर जरूर हुआ है, लेकिन दुनिया के टॉप एजुकेशन डेस्टिनेशन की तुलना में कुछ भी नहीं। 2024 में अमेरिका में लगभग 11.26, कनाडा में 8.42 और ब्रिटेन में 7.58 लाख विदेशी स्टूडेंट्स पहुंचे थे। केवल भारत से ही 2024 में 13.35 लाख छात्र पढ़ने के लिए बाहर निकले थे।

**माहौल सुधारना होगाः** इन आंकड़ों को सुधारने के लिए देश को शैक्षणिक संस्थाओं के माहौल पर भी ध्यान देना होगा। यूजीसी की गाइडलाइंस कहती हैं कि सभी शैक्षणिक संस्थान में ऐसी कमिटी होनी चाहिए, जो स्टूडेंट्स की विभिन्न समस्याओं को समझ और उनका निवारण कर सकें। जिन कैंपस में विदेशी स्टूडेंट्स हैं, वहां इन कमिटी की जरूरत और बढ़ जाती है।

## डिजिटल अधिकार

**सुप्रीम कोर्ट** का यह फैसला कि डिजिटल सेवाओं तक पहुंच हर व्यक्ति का मौलिक अधिकार है, आज के वक्त की जरूरत है। डिजिटल पहुंच जीवन को सिर्फ आसान ही नहीं बनाती, बल्कि जीने के लिए समान अवसर भी देती है। सामाजिक-आर्थिक अंतर को पाटने का एक तरीका यह भी है कि डिजिटल मोर्चे पर सभी को एक जैसे मौके मुहैया कराए जाएं।

**आर्टिकल 21 का जिक्र :** दो एसिड सर्वाइवर्स की वजह से इतना अहम मुद्दा सामने आया। इनमें से एक सर्वाइवर की आंखें नहीं झपकतीं और एक पूरी तरह से नेत्रहीन है। इस वजह से दोनों का बैंक केवाईसी  नहीं हो सका। दोनों ने याचिका दायर कर केवाईसी नियमों में बदलाव की मांग की थी। शीर्ष अदालत ने इस केस को बड़े परिप्रेक्ष्य में देखा और संविधान के आर्टिकल 21 का जिक्र किया, जो सभी को गरिमा के साथ जीने और आजीविका कमाने का अधिकार देता है।

केवाईसी की प्रक्रिया बदलेगीः आज लगभग सभी सेवाएं और सुविधाएं डिजिटली मौजूद हैं। अगर शारीरिक दिक्कत की वजह से कोई इन सेवाओं-सुविधाओं से वंचित रह जाता है, तो यह उसके अधिकारों पर चोट है। इसी वजह से कोर्ट ने केंद्र, आरबीआई और सभी संबंधित रेगुलेटरी अथॉरिटी को केवाईसी प्रक्रिया में बदलाव का आदेश दिया है।

**अभी कहानी अधूरीः** चीन के बाद इंटरनेट यूजर्स के मामले में भारत दूसरे नंबर पर है। सरकार के पिछले साल अगस्त में जारी आंकड़ों के मुताबिक, देश में 95 करोड़ से ज्यादा इंटरनेट सब्सक्राइबर्स थे। इनमें से करीब 39 करोड़ आबादी ग्रामीण थी। सरकारी डेटा के मुताबिक, 95.15% गांवों तक इंटरनेट की पहुंच हो गई थी। ये आंकड़े डिजिटल इंडिया की तरक्की की कहानी कहते हैं, लेकिन यह कहानी तब तक अधूरी है, जब तक इंटरनेट के जरिये लोगों को बदलाव का मौका नहीं मिलता।

**डिजिटल दूरी :** सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में जिस डिजिटल डिवाइड की बात की, वह एक बड़ी हकीकत है। डिजिटल सुविधाओं का फायदा उठाने के मामले में भी समाज में एक बड़ी खाई है। टेक्नॉलजी, उससे जुड़ी जानकारी, भाषा - ऐसे तमाम गतिरोध हैं, जो बड़ी आबादी को डिजिटल क्रांति का फायदा लेने से रोकते हैं। शीर्ष अदालत ने इन्हीं परेशानियों को संबोधित किया है।

**सरकार की जिम्मेदारी :** शीर्ष अदालत ने माना कि डिजिटल खाई को पाटना अब केवल नीति का मसला नहीं रहा, यह एक संवैधानिक जरूरत बन चुका है, ताकि हर नागरिक को सम्मानपूर्ण जीवन, स्वायत्तता और सार्वजनिक जीवन में समान भागीदारी मिल सके। अब यहां से सरकार की जिम्मेदारी है कि वह इस मसले पर गंभीरता से आगे बढ़े। टेक्नॉलजी अपने में खुद कभी भेदभाव नहीं करती और उसकी असली ताकत भी इसी में है कि वह सभी को समान रूप से

# अलगाववादी तत्व भारत में शांति समृद्धि के शत्रु

जम्मू कश्मीर में कई दशकों से रुकी विकास की पुरानी परियोजनाओं और नई बड़ी परियोजनाओं को अंतिम रूप दिए जाने की कार्रवाई जारी है मगर आतंकवादियों और उनके समर्थकों को यह विकास और शांति की कार्यवाही नागवार गुजरी। पाकिस्तान को जम्मू कश्मीर की खुशी कभी पसंद नहीं आई। पाकिस्तान की पृष्ठभूमि पंथ आधारित है। वह लगातार भारत में आतंकवादियों को भेज कर हमले करवाता रहा है। यह हमले सामान्य जनों से लेकर सरकारी दफ्तरों, मंदिरों, ट्रेनों-बसों में भी होते आए हैं।

**अरुण कुमार दीक्षित**

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले से भारत स्तब्ध है। आतंकी हमले की खुले रूप में निंदा करते हुए अनेक देशों के राष्ट्राध्यक्षों ने आतंकवादी कार्रवाई के विरुद्ध भारत का साथ देने की बातें कही हैं। भारत सरकार ने पाकिस्तान के विरुद्ध कई प्रतिबंधों की भी कार्रवाई की है। दुनिया के सामने पाकिस्तान को बेनकाब करने की कार्रवाइयां हो भी रही है। बर्बर हत्यारे आतंकियों की खोज जारी है।

भारत पर पाकिस्तान प्रायोजित हमले कई दशकों से जारी हैं। पूर्व में जम्मू-कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा था। संविधान में यह उपबंध 370 अलग से था। केंद्र की भाजपानीत राजग सरकार ने लोकसभा में विधेयक लाकर 70 वर्षों की भारी समस्या को कुछ मिनट में ही पिछले वर्ष समाप्त कर दिया था। इसके बाद से जम्मू कश्मीर में शांति की आशा लगातार बलवती हो रही थी। यह बात अलग है कि छिटपुट आतंकी घटनाएं होती रही हैं तो भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्र सरकार के गृहमंत्री और रक्षा मंत्री सहित जिम्मेदार अधिकारियों ने जम्मू कश्मीर में शांति के उपायों पर लगातार प्रयास करते हुए चिंतन मंथन किया।

जम्मू कश्मीर में कई दशकों से रुकी विकास की पुरानी परियोजनाओं और नई बड़ी परियोजनाओं को अंतिम रूप दिए जाने की कार्रवाई जारी है मगर आतंकवादियों और उनके समर्थकों को यह विकास और शांति की कार्यवाही नागवार गुजरी। पाकिस्तान को जम्मू कश्मीर की खुशी कभी पसंद नहीं आई। पाकिस्तान की पृष्ठभूमि पंथ आधारित है। वह लगातार भारत में आतंकवादियों को भेज कर हमले करवाता रहा है। यह हमले सामान्य जनों से लेकर सरकारी दफ्तरों, मंदिरों, ट्रेनों-बसों में भी होते आए हैं। अमरनाथ और वैष्णो देवी यात्रा में जा रहे श्रद्धालुओं पर भी आतंकवादी हमले होते रहे हैं। जिनमें अनेक श्रद्धालुओं की जाने गयी हैं। इन पवित्र यात्राओं के लिए अपने ही देश में सेना की तैनाती करनी पड़ती है। सेना से आतंकियों की भी मुठभेड़ होती है। कई बार हमारे सैनिक बलिदान होते हैं। मुठभेड़ में जो आतंकवादी मार दिए जाते हैं उनके लिए भी पंथिक आधार पर भारत में सहानुभूति देखी जाती है। अनेक अलगाववादी मोर्चे हैं, संगठन हैं, जो अलगवादियों को ताकत देते हैं। वही अलगाववादी तत्व भारत में शांति और समृद्धि के शत्रु हैं। इन आतंकवादी ताकतों को चिन्हित कर जब तक उन्हें कुचला नहीं जाएगा तब तक देश विरोधी ताकतें सक्रिय रहेंगी। पूरी दुनिया के लिए पाकिस्तान बड़ा खतरा है, इससे निपटने में कोई कोताही नहीं छोड़नी चाहिए। अमेरिका, इजरायल, रूस सहित दुनिया के देशों ने इस बर्बर कार्रवाई की निंदा की है। आतंकवादी किसी एक व्यक्ति या अधिक की हत्या करते हैं तो यह मात्र घटना नहीं है। यह एक क्रूर विचार है कि गोली-बारूद के दम पर भारत को डरा कर अपना दारुल हरब एजेंडा लागू करना है। इस विचार वाले लोग अनपढ़ (उम्मी) नहीं होते हैं। वह कई बार इंजीनियर होते हैं, डिग्रीधारक होते हैं। डॉक्टर और प्रोफेसर भी होते हैं। विज्ञान के जानकार होते हैं। मगर उन्हें अपने कट्टरपंथी धर्म का पालन निर्दोष लोगों की हत्या कर जिहाद करना है इस्लामी आतंकी हमले आज भी जारी हैं। अलगाववादी विचारों वाले समूहों पर जब तक कार्रवाई नहीं होगी, निदोर्षों पर हमले होते रहेंगे। यह भी सही है कि केंद्र और राज्य सरकारों की जिम्मेदारी होती है कि प्रत्येक व्यक्ति और संपत्ति की सुरक्षा संरक्षा रहे जैसे सरकार से प्रश्न तो कर ही सकते हैं। मगर यह प्रश्नों का समय नहीं है। आतंकियों द्वारा की गई निदोर्षों की हत्या के विरोध में एकजुटता दिखनी चाहिए। अपनी राजनीतिक, पंथिक कार्रवाई के लिए इन्हें अनुमति नहीं होनी चाहिए। पृथक कानून नहीं चलेंगे। राष्ट्र संविधान से चलेगा, संविधान सर्वोपरि है। भारत की संप्रभुता के विरुद्ध बोलने-लिखने, किसी अन्य राष्ट्र का कोई झंडा लहराने, किसी भी प्रकार की भारत विरोधी नारेबाजी करने के स्पष्ट कारण पूछने और कड़ी कार्रवाई से सरकार को पीछे नहीं हटना चाहिए। आखिर कब तक दूसरे राष्ट्र और शत्रु राष्ट्र का झंडा दिखाकर भारतीय लोगों को अपनी ही जन्मभूमि, कर्मभूमि, सनातन भूमि में डराया जाता रहेगा। इस पर कठोरता होनी चाहिए। भारत के भीतर पाकिस्तान का पक्ष लेने वालों पर राष्ट्रद्रोह जैसी कार्रवाई के लिए निर्णय लेने की जरूरत है।



आतंकवाद से केवल भारत ही नहीं पीड़ित है। आतंकवाद विश्वव्यापी हो चुका है। दुनिया के देश पाकिस्तान को आतंक का केंद्र मानते हैं। आतंकवाद के गम्भीर परिणाम दुनिया के देशों ने भुगते हैं। भारत सहित विश्व के देशों को आतंकवाद के समूल नाश के प्रयास करने चाहिए। आतंकवाद से सम्पूर्ण समाज में हिंसा और असुरक्षा की भावना बढ़ती है। सामाजिक संबंध कमजोर होने लगते हैं। इसलिए इसके समूल नाश के उपाय तलाशे जाने चाहिए।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# जरूरी है मीडिया का भारतीयकरण

निजी जीवन में बेहद आत्मीय राजनेता, एक ही कार में साथ बैठकर चैनल के दफ्तर आए प्रवक्तागण स्क्रीन पर जो दृश्य रचते हैं, उससे लगता है कि हमारा सार्वजनिक जीवन कितनी कड़वाहटों और नफरतों से भरा है। किंतु स्क्रीन के पहले और बाद का सच अलग है। बावजूद इसके हिंदुस्तान का आम आदमी इस स्क्रीन के नाटक को ही सच मान लेता है। लड़ता-झगड़ता हिंदुस्तान हमारा 'सच' बन जाता है।

**प्रो. संजय द्विवेदी**

यह 'शब्द हिंसा' का समय है। बहुत आक्रमक, बहुत बेलगाम। ऐसा लगता है कि टीवी न्यूज मीडिया ने यह मान लिया है कि शब्द हिंसा में ही उसकी मुक्ति है। चीखते-चिल्लाते और दलों के प्रवक्ताओं को मुर्गो की तरह लड़ाते हमारे एंकर सब कुछ स्क्रीन पर ही तय कर लेना चाहते हैं।

यहां संवाद नहीं है, बातचीत भी नहीं है। विवाद और वितंडावाद है। यह किसी निष्कर्ष पर पहुंचने का संवाद नहीं है, आक्रामकता का वीभत्स प्रदर्शन है।

निजी जीवन में बेहद आत्मीय राजनेता, एक ही कार में साथ बैठकर चैनल के दफ्तर आए प्रवक्तागण स्क्रीन पर जो दृश्य रचते हैं, उससे लगता है कि हमारा सार्वजनिक जीवन कितनी कड़वाहटों और नफरतों से भरा है। किंतु स्क्रीन के पहले और बाद का सच अलग है। बावजूद इसके हिंदुस्तान का आम आदमी इस स्क्रीन के नाटक को ही सच मान लेता है। लड़ता-झगड़ता हिंदुस्तान हमारा 'सच' बन जाता है। मीडिया के इस जाल को तोड़ने की भी कोशिशें नदारद हैं। वस्तुनिष्ठता से किनारा करती मीडिया बहुत खौफनाक हो जाती है।



**सूचना और खबर के अंतर को समझिए-** हमें सोचना होगा कि आखिर हमारी मीडिया प्रेरणाएं क्या हैं? हम कहां से शक्ति और ऊर्जा पा रहे हैं। हमारा संचार क्षेत्र किन मानकों पर खड़ा है। पश्चिमी मीडिया के मानकों के आधार पर खड़ी हमारी मीडिया के लिए नकारात्मकता, संघर्ष और विवाद के बिंदु खास हो जाते हैं। जबकि संवाद और संचार की परंपरा में संवाद से संकटों के हल खोजने का प्रयत्न होता है। हमारी परंपरा में सही प्रश्न करना भी एक पद्धति है। सवालों की मनाही नहीं, सवालों से ही बड़ी से बड़ी समस्या का हल खोजना है, चाहे वह समस्या मन, जीवन या समाज किसी की भी हो। इस तरह प्रश्न हमें सामान्य सूचना से ज्ञान तक की यात्रा कराते रहे हैं। आज 'सूचना' और 'ज्ञान' को पर्याय बनाने के जतन हो रहे हैं। सच यह है कि 'सूचना' तो समाचार,खबर या न्यूज का भी पर्याय नहीं है। सूचना कोई भी दे सकता है। वह कहीं से भी आ सकती है। सोशल मीडिया आजकल सूचनाओं से ही भरा हुआ है। किंतु ध्यान रखें खबर, समाचार और न्यूज के साथ जिम्मेदारी जुड़ी है। संपादकीय प्रक्रिया से गुजरकर ही कोई सूचना,समाचार बनती है। इसलिए संपादक और संवाददाता जैसी संस्थाएं साधारण नहीं है।

**हर व्यक्ति नहीं हो सकता पत्रकार-** यह कहना आजकल बहुत फैशन में है कि इस दौर में हर व्यक्ति पत्रकार है। हर व्यक्ति फोटोग्राफर है। हर व्यक्ति कम्युनिकेटर, सूचनादाता, मुखबिर हो सकता है, वह पत्रकार कैसे हो जाएगा? मेरे पास कैमरा है, मैं फोटोग्राफर कैसे हो जाऊंगा। विशेष दक्षता और प्रशिक्षण से जुड़ी विधाओं को हल्का बनाने के हमारे प्रयासों ने ही हमारी मीडिया या संवाद की दुनिया को बहुत बड़ा नुक्सान पहुंचाया है। यह वैसा ही है जैसे कपड़े प्रेस करने वाले या प्रिंटिंग प्रेस वाले अपनी गाड़ियों पर 'प्रेस' का स्टिकर लगाकर घूमने लगें। मीडिया में प्रशिक्षण प्राप्त और न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता के बिना आ रही भीड़ ने अराजकता का वातावरण खड़ा कर दिया है। लोकमान्य तिलक, महात्मा गांधी, सुभाष चन्द्र बोस, बाबासाहेब आंबेडकर, पं. जवाहरलाल नेहरू, मदनमोहन मालवीय, माधवराव सप्रे जैसे उच्च शिक्षित लोगों द्वारा प्रारंभ और समाज के प्रति समर्पित पत्रकारिता वर्तमान में कहां खड़ी है। भारत सरकार के आग्रह पर प्रेस कौंसिल आफ इंडिया ने पत्रकारों की न्यूनतम शैक्षिक योग्यता के निर्धारण के लिए एक समिति भी बनाई थी, जिसके समक्ष मुझे भी अपनी बात रखने का अवसर मिला था। बाद में उस कवायद का क्या हुआ पता नहीं।

**समाज की रूचि का करें परिष्कार-** समाज की रुचि का परिष्कार और रूचि निर्माण भी मीडिया की जिम्मेदारी है। अपने पाठकों, दर्शकों को समय के ज्वलंत मुद्दों पर अपडेट रखना, उनकी बौद्धिक, नागरिक चेतना को जागृत रखना भी मीडिया का काम है। जबकि देखा यह जा रहा है कि पाठकों की पसंद के नाम पर कंटेंट में गिरावट लाने की स्पर्धा है। ऐसे कठिन समय में मीडिया के दायित्वबोध और सरोकारों पर बातचीत बहुत जरूरी है। प्रिंट मीडिया ने भी साहित्य, कलाओं, प्रदर्शन कलाओं और मनुष्य बनाने वाली सभी विधाओं को अखबारों से निर्वासन दे दिया है। मीडिया सिर्फ दर्शक बना रहे यह भी ठीक नहीं। उसे राष्ट्रीय भावना और जनपक्ष के साथ खड़े रहना चाहिए।

देखा जाए तो समाज में फैली अशांति, स्पर्धा, लालसाओं और संघर्ष के बीच विचार के लिए सकारात्मक मुद्दे उठाने ही होंगे। मीडिया खुद अशांत है और गहरी स्पर्धा के कारण सही -गलत में चुनाव नहीं कर पा रहा है। ऐसे में मीडियाकर्मियों की जिम्मेदारी है कि खुद भी शांत हों और संवाद की शुचिता पर काम करें। वसीम बरेलवी लिखते हैं-

कौन सी बात कहां, कैसे कही जाती है।
वो सलीका हो तो हर बात सुनी जाती है।

**(लेखक माखनलाल चतुवेर्दी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, भोपाल के जनसंचार विभाग में आचार्य और अध्यक्ष हैं।)**

## पहलगाम का ऐसा मंदिर जहां महादेव ने काटा था गणेश का शीश

हाल की में कश्मीर का सुंदर और शांत स्थान पहलगाम आतंकवादी हमले का शिकार हो गया था। हिमालय की गोद में बसे पहलगाम की शांति और सुरक्षा को आतंकियों ने बड़ा झटका दिया था। इस आतंकी हमले में कई पर्यटकों की मौत हो गई थी। आतंकी हमले के बाद पहलगाम में सन्नाटा पसरा हुआ है। ऐसे में लोग यहां जाने से डर रहे हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि पहलगाम की खूबसूरत वादियों में मन की शांति और धार्मिक आस्था से जुड़ा एक ऐसा फेमस मंदिर है। यह मंदिर लिद्दर नदी के पास समुद्र तल से 2200 फीट की ऊंचाई पर स्थित है।

**ममलेश्वर मंदिर** : पहलगाम के ममलका गांव में ममलेश्वर मंदिर का निर्माण लोहरा वंश के राजा जयसिंह ने 12वीं शताब्दी में करवाया था। राजा जयसिंह ने इस मंदिर की छत पर सोने का कलश चढ़वाया था। ममलेश्वर मंदिर में भगवान शिव का शिवलिंग स्थापित है और मंदिर में दो सुंदर नंदी की मूर्तियां भी हैं। यहां पर एक प्राकृतिक झरना बहता है, जिसका पानी कुंड में एकत्रित होता है। ममलेश्वर मंदिर को मम्मल मंदिर भी कहा जाता है। तो आइए जानते हैं इस मंदिर से जुड़ी पौराणिक कथा के बारे में...

**पौराणिक कथा** : शिवपुराण के मुताबिक एक बार मां पार्वती ने स्नान करने से पहले उबटन लगाया



और फिर उबटन उतारकर हल्दी का एक पुतला बनाया। इस पुतले में उन्होंने प्राण डाल दिए और इस तरह से भगवान श्री गणेश का जन्म हुआ था। मां पार्वती स्नान करने से पहले गणेश को द्वारपाल बनाकर चली गई थीं। उन्होंने आदेश दिया कि कोई भी व्यक्ति अंदर न आ पाए और कुछ समय बाद वहां पर भगवान शिव आए और उन्होंने द्वारपाल बने गणेश जी से मां पार्वती से मिलने की बात कही। लेकिन मां पार्वती आदेशानुसार गणेश जी ने भगवान शिव को अंदर जाने से मना कर लिया। जिस पर भोलेनाथ को क्रोध आ गया और उन्होंने अपने पुत्र से युद्ध करना शुरूकर दिया। लंबे समय तक युद्ध करने के बाद महादेव ने अपने त्रिशूल से गणेश जी का सिर काट दिया।

फिर जब मां पार्वती बाहर आईं, तो उन्होंने गणेश जी को देखा तो वह रोने लगीं। जिस पर मां पार्वती ने कहा कि यदि उनके पुत्र को जीवित नहीं किया गया तो वह प्रलय ला देंगी। इससे सभी देवतागण परेशान हो उठे और सभी ने मां पार्वती को शांत करने की कोशिश की। तब महादेव ने गरुड़ को आदेश दिया कि वह उत्तर दिशा में जाएं और जो भी मां अपने बच्चे की ओर पीठ करके बैठी हो उसका सिर ले आएं।

भगवान शिव का आदेश मानकर गरुड़ आकाश में उड़ गए और वह काफी समय तक तलाश करते रहे। अंत में उनको एक हथिनी दिखाई दी, जिसके बच्चे का सिर लेकर वह आए। तब भगवान शिव ने गणेश जी के धड़ पर हाथी के बच्चे का सिर रखकर उसको पुनर्जीवित कर दिया।

**अमरनाथ यात्रा में इस मंदिर भूमिका** : पहलगाम स्थित इस मंदिर का अमरनाथ यात्रा से काफी गहरा संबंध है। अमरनाथ में बर्फ के शिवलिंग की पूजा की जाती है और इस गुफा तक पहुंचने के लिए श्रद्धालु पहलगाम से अपनी यात्रा की शुरूआत करते हैं। ममलेश्वर मंदिर में दर्शन करने के बाद आगे बढ़ा जाता है।

## सेहत

### गर्मियों में लगायें चमेली का तेल

गर्मियों की सुबह चिपचिपी और उमस भरी होती है। सुबह उठने के बाद ताजगी नहीं महसूस होती है। ऐसे में अगर आप भी सुबह के समय ताजगी महसूस नहीं करते हैं, तो एक खास तेल आपकी मदद कर सकता है। जो आपकी सुबह शांति और ताजगी से भरपूर बन सकती है। चमेली के तेल को प्रकृति का खजाना कहा जाता है। इस एसेंशियल ऑयल में वह शक्ति छिपी है, जो आपकी इंद्रियों को जगाता है और आपके अंदर एक नई ऊर्जा का संचार कर सकती हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि चमेली के तेल को अपनी रूटीन में कैसे शामिल कर सकते हैं।

**ऐसे बनाएं रूटीन का हिस्सा** : अगर आप अपने दिन की शुरूआत को खुशनुमा बनाना चाहते हैं तो आपको नहाने के पानी में चमेली के तेल की कुछ बूंदे डालनी चाहिए। इसकी भीनी-भीनी खुशबू आपके मन को शांत करने के साथ आपको तरोताजा महसूस कराएगा। इससे आपका मूड पूरा दिन पॉजिटिव बना रहेगा।  सप्ताह में एक बार बॉडी स्क्रब का इस्तेमाल करना चाहिए। इसके लिए आप थोड़ी सी चीना, नमक और ग्लिसरीन ले लें। फिर इसमें नींबू का रस मिलाएं और इसमें 2-3 बूंद चमेली के एसेंशियल ऑयल डालें। फिर इसे शरीर पर लगाकर 5-8 मिनट तक स्क्रब करें, जिससे डेड स्किन निकल जाएंगे और ब्लड सकुर्लेशन बढ़ जाएगा। इससे भी पॉजिटिव संचार होता है। आप चाहें तो अपने मॉइस्चराइजर में 2-3 बूंद चमेली का तेल और 1 बूंद पेचौली मिलाकर लगा सकते हैं। यह आपके मूड और स्किन दोनों को तरोताजा करेगा और यह त्वचा को जबरदस्त चमक देगा।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

न्यूज ब्रीफ

## मजदूरों के परिश्रम से ही राष्ट्र का निर्माण की परिकल्पना निश्चित होती है : पांडेय



**साहिबगंज :** आजसू पार्टी के जिला अध्यक्ष चतुरानंद पांडेय ने मजदूर दिवस के अवसर पर क्रेशर प्लांट एवं खदान में कार्यरत मजदूरों अंग वस्त्र मिठाई खिलाकर उन्हें सम्मानित किया। इसी दौरान चतुरानंद पांडेय ने बताया कि आजसू पार्टी हर वर्ष अपने मजदूर भाइयों को मजदूर दिवस के अवसर पर राज्य के सभी जिलों में सम्मानित कर उनके प्रति आभार व्यक्त करते है ।क्योंकि मजदूरों के परिश्रम से ही राष्ट्र का निर्माण की परिकल्पना निश्चित होती है। कोई भी देश का विकास तभी होता है जब वहां के मजदूर अपने कठिन परिश्रम से कार्य करते हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रखंड अध्यक्ष शशिकांत दुबे ,वकील मंडल ,शशिकांत, किशोर शर्मा, राजेंद्र यादव, कैलाश स्वर्णकार ,गंगाराम मुर्मू ,गोविंद सिंह ,नारायण सिंह, सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## कीटनाशक दवा खाने से महिला मूर्छित

**साहिबगंज :** नगर थाना क्षेत्र के रसूलपुर दहला बेली देवी 24 वर्ष कीटनाशक दवा खाने से मूर्छित हो गई।स्वजनों ने इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती करवाया जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार कर किया। स्वजनों ने बताया कि परिवार में ही छोटी-मोटी विवाद चल रही थी। इसी में गुस्से में आकर बली देवी ने कॉकरोच हिट पीलिया जिससे उसकी तबीयत बिगड़ने लगी ।आनन फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती करवाया।

## पूछताछ के बाद पुलिस ने मो. तौसीफ को जेल भेजा

**साहिबगंज:** महिला थाना अंतर्गत महिला थाना में एक महिला पीड़िता ने एक युवक द्वारा अश्लील फोटो सोशल मीडिया में वायरल करने को लेकर आवेदन दिया था। जिसको लेकर महिला थाना प्रभारी ने कार्रवाई करते हुए मुफस्सिल पुलिस के सहयोग से पीरपैंती सुंदरपुर निवासी मोहम्मद तौसीफ उर्फ अमन पिता मोहम्मद अफसर आलम को गिरफ्तार किया है। पूछताछ के बाद पुलिस ने मो. तौसीफ को जेल भेज दिया।

## शक के आधार पर शुभम को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया

साहिबगंजः नगर थाना पुलिस ने चोरी के मामले में गुल्ली भट्टा जादू मोड निवासी शुभम कुमार उर्फ मिरिंडा को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने बताया कि वर्ष 2024 में सितंबर के महीने में गुल्ली भट्टा स्थित एक घर से चोरी की घटना हुई थी। शक के आधार पर शुभम को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया पूछताछ के क्रम में की घटना में शामिल होने की बात सामने आई पूछताछ के बाद उसे जेल भेज दिया गया।

## सभी लेसी अपने तय क्षेत्र में तय दर से ही बट्टी राशि वसूल करे : डीसी



**साहिबगंज :** सब्जी फल दुकानदार आज डीसी ऑफिस पहुंचकर उपायुक्त हेमंत सती से मिलकर तय रेट से मनमानी जबरदस्ती बट्टी वसूलने का ओर दो दो बार बट्टी वसूलने का लिखित शिकायत करके न्याय की गुहार लगाई है। वही नगर पालिका पहुंचकर नगर परिषद प्रशासक से भी इसकी शिकायत की। डीसी ने तुरंत संज्ञान में लेकर प्रशासक को आवश्यक दिशा निर्देश दिए प्रशासक ने कहा कि जल्द रेट चार्ट प्रत्येक चौक चौराहा में लगाया जाएगा। लेसी नगर परिषद क्षेत्र में लगने वाला फल सब्जी दुकानदार से तय दर छोटे दुकानदार से 15 रुपया माध्यम दुकानदार से 20 बड़े दुकानदारों से 30 रुपया ही वसूली करे। प्रत्येक गुड चक्की से 15 रुपया वसूल करे। अस्थाई दुकान के लेसी नगर परिषद क्षेत्र में लगाने वाले अस्थाई जिसमे फल सब्जी गुड़ के दुकान को छोड़कर अन्य दुकानो से 20 वर्गफिट का 20 रुपया 40 वर्गफिट का 25 रुपया ही वसूल करे। वही लेसी अपने कूपन में तय निर्धारित दर प्रिंट करवाकर दुकानदारों को दे।सभी लेसी अपने तय क्षेत्र में तय दर से ही बट्टी राशि वसूल करे। किसी को परेशान न करे। निर्धारित तय दर से ज्यादा वसूल करने पर संबंधित लेसी पर करवाई की जाएगी।

## धर्म सम्मेलन सह सांस्कृतिक कार्यक्रम 12 को

**दुमका :** दिसोम मांझी बाबा बीनीलाल टुडू के निदेर्शानुसार जिले के शिकारीपाड़ा प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में शुक्रवार को सुनील मरांडी, ईमेल मरांडी, रविन्द्र सोरेन, होपना मुर्मू, शिबराम टुडू, आलोक मुर्मू और सुरजू के द्वारा जा जाकर आगामी धर्म सम्मेलन सह सांस्कृतिक कार्यक्रम में आने का आमंत्रण ग्राम प्रधान व ग्रामीणों को दिया गया। क्षेत्र में घूम रहे सुनील मरांडी ने बताया कि शिकारीपाड़ा प्रखंड के सभी गांवों में जा जाकर ग्राम प्रधान व ग्रामीणों से मिलकर उक्त कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रण पत्र दिया जा रहा है। जो भी गांव अभी तक नहीं पहुंच पाए हैं उन सभी गांवों तक पहुंच कर लोगों को उक्त कार्यक्रम के प्रति जागरूक करना ही हमारा लक्ष्य है। बता दें कि दिसोम मांझी थान और जाहेर थान समिति संताल परगना प्रमंडल, दुमका की ओर से एक दिवसीय ₹धर्म सम्मेलन सह सांस्कृतिक कार्यक्रम₹ दुमका के आउटडोर स्टेडियम में रखा गया है। यह कार्यक्रम 12 मई को प्रातः 10 बजे दिसोम मांझी थान और जाहेर थान में बोंगा बुरु से प्रारंभ होगी। धर्म गुरु द्वारा कथा और सांस्कृतिक कार्यक्रम संध्या 3 बजे से सुबह 6 बजे तक होगी। जिसमें विश्व प्रसिद्ध धर्म गुरु, लेखक सोमाय किस्कू द्वारा संतालों के उद्भव और विकास, धर्म और संस्कृति के बारे में विस्तार से बताएंगे। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम हेतु संताली सिंगर सिंगराय सोरेन, कल्पना हांसदा, डिगिर सोरेन, बनाम राजा नारायण टुडू समेत अन्य कलाकार शामिल होंगे।

## पवित्र माटी की कलशयात्रा का बासुकीनाथ में हुआ भव्य स्वागत

**दुमका :** अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के तत्वावधान में अहीर रेजिमेंट, जातिगत जनगणना व समाज में राजनैतिक जागरूकता के उद्देश्य से अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा द्वारा रेजांगला युद्ध 1962 में शहीद 114 सैनिकों की समाधि अहीर धाम लद्दाख की पवित्र माटी की कलशयात्रा बिहार राज्य में भ्रमण के पश्चात दुमका जिला में भव्य स्वागत किया गया। शुक्रवार को प्रदेश महासचिव सह संताल परगना प्रभारी डॉ. अमरेन्द्र कुमार यादव व जिलाध्यक्ष शिवनारायण दर्बे के नेतृत्व में कलश यात्रा बासुकीनाथ धाम पहुंचा।

# नियमित सफाई व पेयजल आपूर्ति को लेकर डीसी को सौंपा ज्ञापन

मेट्रो रेज संवाददाता

**दुमका :** सिविल सोसायटी दुमका का एक प्रतिनिधि मंडल अध्यक्ष राधेश्याम वर्मा के अगुवाई में शुक्रवार को जिले के उपायुक्त को उनके कार्यालय कक्ष में मिलकर नगर परिषद् क्षेत्र में नियमित सफाई, पेयजल आपूर्ति और विजयपुर मुक्तिधाम में नवनिर्मित विद्युत शवदाह गृह को अविलंब शुरू कराने से सम्बंधित ज्ञापन सौंपा।

उपायुक्त ने विंदुवार ज्ञापन का अवलोकन किया और प्रतिनिधि मंडल से विस्तृत चर्चा करते हुए सभी समस्याओं का समाधान शीघ्र कराने का आश्वासन दिया।

ज्ञापन में बिंदुवार शहर में व्याप्त गंदगी जैसे भारतरत्न कपूरी ठाकुर चौक, टीन बाजार,वीर कुंवर सिंह चौक, नेताजी सुभाष चंद्र बोस प्रतिमा स्थल और कमोवेश नगर परिषद् क्षेत्र के कई मुहल्लों में गंदगी का अम्बार लगा हुआ हैं। थोड़ी सी बारिश होने पर नाला कचरे से भरें रहने के कारण सारा कचरा सड़क पर आ जाता है। अभी समय रहते सभी नाला के स्लैब को हटाकर अच्छी तरह से नाला की सफाई हो जाने से आम जनता को इस समस्या से निजात मिल जाएगी।नगर परिषद् क्षेत्र के कई इलाकों में कनेक्शन लेने के बावजूद उन्हें पेयजल आपूर्ति नहीं हो रहा है जैसे अरुण कुमार सिन्हा,सोनवा डंगाल और यहां तक कि नगर परिषद् से सटे ओम् शांति भवन में पिछले 2 वर्ष से पेयजल आपूर्ति नहीं हो रहा हैं।स्ट्रीट लाइटें जो खराब उसकी मरम्मती।विजयपुर मुक्तिधाम में विद्युत शवदाह गृह बनकर तैयार है लेकिन इसे शुरू नहीं किया जा रहा है। उपरोक्त सभी बातें प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों द्वारा उपायुक्त के समक्ष रखा गया और बताया गया कि इन समस्याओं पर सिविल सोसायटी दुमका नगर परिषद् के कार्यपालक पदाधिकारी को ज्ञापन दे - देकर थक चुके हैं।



प्रतिनिधि मंडल में सिविल सोसायटी दुमका के उपाध्यक्ष प्रेम केशरी, सचिव संदीप कुमार जय बमबम, कार्यकारिणी सदस्य लक्ष्मी नारायण साह,अरूण कुमार गुप्ता शामिल थे।

## विशेष किशोर पुलिस इकाई कोऑर्डिनेशन मीटिंग की हुई बैठक

मेट्रो रेज संवाददाता

**साहिबगंज :** पुलिस केंद्र साहिबगंज में पुलिस उपाधीक्षक सह एसजेपीयू.विशेष किशोर पुलिस इकाई की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण कोऑर्डिनेशन मीटिंग सम्पन्न हुई।इस बैठक में चाइल्ड वेलफेयर कमिटी सीडब्लूसी के चेयरपर्सन अब्दुल सुभान,सदस्य सुधा कुमारी, डॉ सुरेंद् नाथ तिवारी,दिनेश शर्मा डीसीपीओ पूनम कुमारी,इकाई के सदस्य संजय अवधेश,चंदा कुमारी व हेमलता,जेजे.बोर्ड की सदस्य हेमलता एवं बबीता,बालगृह अधीक्षक दिवाकर प्रोबेशन ऑफिसर अमित कुमार,चाइल्ड हेल्पलाइन के परियोजना समन्वयक मोहम्मद इकबाल, सभी थाना के सीडब्ल्यूपीओ पुलिस पदाधिकारी और आहातू थाना प्रभारी अरुण सिंह शामिल हुए।बैठक में बाल जीवन के बेहतर विकास,बालकों के अधिकारों की सुरक्षा,उनके प्रति होने वाले अपराध,घरेलू हिंसा मानसिक शारीरिक अपमान से सुरक्षा,दोषियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई बच्चों को गैरकानूनी



कार्यों में संलिप्त करने बाल विवाह बाल मजदूरी,बच्चों से जुड़ी अश्लील सामग्री,मानव तस्करी,जेजे एक्ट,पोक्सो एक्ट,चाइल्ड लेबर एक्ट,चाइल्ड मैरिज एक्ट और बाल संरक्षण अधिनियम आदि महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई।इस बैठक में इन मुद्दों के बेहतर क्रियान्वयन हेतु दिशा-निर्देश जारी किए गए।बच्चों से जुड़े इन गंभीर समस्याओं के समाधान के लिए सामाजिक कार्यकताओं, जनप्रतिनिधियों, अभिभावकों व मीडिया बंधुओं से जागरूकता फैलाने में सक्रिय सहयोग की अपेक्षा की गई।यह भी निर्णय लिया गया कि थाना स्तर प्रखंड स्तर पर नियमित रूप से बैठकें आयोजित की जाएंगी।बाल मित्र थाना व महिला हेल्प डेस्क को और अधिक सशक्त प्रभावी रूप से विकसित किया जाएगा।वहीं जिला स्तर पर भी पुलिस उपाधीक्षक सह एसजेपीयू की अध्यक्षता में नियमित रूप से बैठकें आयोजित की जाएंगी। कार्य योजनाएं बनाई जाएंगी उनके क्रियान्वयन की निगरानी एवं समय-समय पर समीक्षा की जाएगी।

### एथलेटिक्स कुश्ती खेल प्रतिभा चयन खोज

## छात्र-छात्राओं ने किया प्रतिभा का प्रदर्शन

मेट्रो रेज संवाददाता

**साहिबगंज :** दूसरे दिन 03 मई को +2 उच्च विद्यालय ,सकरीगली डे बोर्डिंग एथलेटिक्स प्रशिक्षण केंद्र के लिए प्रतिभा खोज चयन प्रतियोगिता आयोजित किया जाएगा।पर्यटन, कला संस्कृति, खेल कूद एवं युवा कार्य विभाग झारखंड सरकार वं जिला प्रशासन, साहेबगंज द्वारा जिले में संचालित आवासीय बालक एथलेटिक्स प्रशिक्षण केंद्र, डे बोर्डिंग बालक एवं बालिका एथलेटिक्स प्रशिक्षण केंद्र तथा खेलो इंडिया बालक एवं बालिका कुश्ती प्रशिक्षण केंद्र के लिए खिलाड़ियों के लिए 2 मई को प्रातः 6:00 बजे से द्वारा एन.एस.टी.सी विधि द्वारा चयन प्रतियोगिता आयोजित किया गया। जिसमें सैकड़ों छात्र - छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों का रजिस्ट्रेशन,ऊंचाई, वजन, मेडिसिन बॉल थ्रो स्टैंडिंग जंप,वर्टिकल जंप,10 गुणा 6 शटल रन,30 मीटर800 मीटर स्पर्धा एवं स्पेसिफिक स्पर्धा का टेस्ट लिया गया चयन प्रकिया



+2 उच्च विद्यालय सकरीगली,डे बोर्डिंग बालक एथलेटिक्स प्रशिक्षण केंद्र हेतु 03 मई को +2 बी. डी.उच्च विद्यालय सकरीगली में प्रातः 6 बजे से चयन प्रकिया किया जाएगा। जन्म तिथि -8 वर्ष से 12 वर्ष 01.04.2017 से 1.04.2013 के बीच होना चाहिए।05 किलो मीटर तक के बालकों के लिए आधार कार्ड, नगर निगम अथवा पंचायत द्वारा निर्गत जन्म प्रमाण पत्र, दो पासपोर्ट फोटो लाना अनिवार्य होगा।सुविधाएं डे बोर्डिंग प्रशिक्षण केंद्र प्रति माह 500 रुपए छात्रवृति, योग्य प्रशिक्षक द्वारा निःशुल्क प्रशिक्षण, खेल सामग्री खेल कीट एवं उपलब्ध अन्य सुविधाएं प्रदान किया जाएगा।चयन के मौके पर आवासीय बालक एथलेटिक्स प्रशिक्षण केंद्र के कोच योगेश यादव, एन आई एस डिप्लोमा कोच अशोक कुमार, खेलो इंडिया कुश्ती कोच प्रकाश सिंह बादल, खेल समन्वयक कौशल किशोर मरांडी जिम ट्रेनर गौरव झा,निमाई चौधरी अमन कुमार,अमृत कुमार, सरिता कुमारी समेत प्रशिक्षण केंद्र के प्रशिक्षुओं का सराहनीय सहयोग रहा।

## एनइइटी परीक्षा को लेकर उपायुक्त ने की बैठक



मेट्रो रेज संवाददाता

**साहिबगंज :** रविवार को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय पात्रता व प्रवेश परीक्षा को लेकर शुक्रवार को समाहरणालय प्रकोष्ठ में उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। मुख्य रूप से पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह उपस्थित थे। बैठक में परीक्षा की निष्पक्षता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। उपायुक्त ने हाल ही में अन्य राज्यों में हुई एनइइटी परीक्षा में प्रश्न पत्र लीक की घटनाओं का उल्लेख करते हुए जिले में ऐसी किसी भी घटना को रोकने के लिए सभी संबंधित पदाधिकारियों को विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि परीक्षा की विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए हमें हर स्तर पर सावधानीपूर्वक तैयारी करनी होगी।उपायुक्त ने निर्देश दिया कि जिले के सभी होटल, लॉज, मेरेज हॉल, धर्मशालाएं व अन्य संदिग्ध स्थलों पर गहनता से छापामारी की जाए ताकि कोई भी असामाजिक तत्व परीक्षा से पूर्व या उसके दौरान गड़बड़ी न फैला सके। उन्होंने परीक्षा केंद्रों के आस-पास यातायात व्यवस्था को नियंत्रित करने, सुरक्षा बलों की तैनाती सुनिश्चित करने और सीसीटीवी कैमरों की प्रभावी निगरानी को लेकर भी दिशा-निर्देश दिए। पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि परीक्षा केंद्रों पर मोबाइल फोन या किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस की अनुमति न दी जाए। साथ ही, सभी केंद्रों पर पर्याप्त सुरक्षा कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की जाएगी।इस महत्वपूर्ण बैठक में अपर समाहर्ता गौतम कुमार भगत, अनुमंडल पदाधिकारी अमर जॉन आईन्द, मुख्यालय डीएसपी विजय कुशवाहा जिला परिवहन पदाधिकारी मिथलेश कुमार चौधरी जिला शिक्षा अधीक्षक कुमार हर्ष, जिला शिक्षा पदाधिकारी दुगानंद झा, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी अनिल कुमार, नगर प्रशासक अभिषेक कुमार सिंह सहित नगर थाना एवं जीरवाबाड़ी थाना प्रभारी उपस्थित रहे।बैठक में सभी पदाधिकारियों को सौंपे गए दायित्वों को समयबद्ध एवं प्रभावी ढंग से पूरा करने का निर्देश दिया गया ताकि ठएएळ परीक्षा जिले में शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष माहौल में संपन्न हो सके।

### उधवा में मुंबई पुलिस की बड़ी कार्रवाई

## शटर कटर गिरोह का सदस्य ट्रांजिट रिमांड पर मुंबई रवाना

**साहिबगंज/उधवाः** मुंबई पुलिस ने राधानगर थाना क्षेत्र में एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए कथित शटर कटर गिरोह के एक सक्रिय सदस्य को धर दबोचा है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान डालीम शेख के रूप में हुई है, जो राधानगर थाना के पियारपुर गांव का रहने वाला है। मुंबई पुलिस ने स्थानीय पुलिस की मदद से यह कार्रवाई की और आरोपी को सात दिनों की ट्रांजिट रिमांड पर अपने साथ मुंबई ले गई है। यह गिरफ्तारी मुंबई के पाईधूनी थाना क्षेत्र में हाल ही में हुई एक बड़ी चोरी के मामले में की गई है। जानकारी के अनुसार, पाईधूनी इलाके में एक हार्डवेयर की दुकान का शटर काटकर लाखों रुपये के सामान की चोरी की गई थी। इस घटना के बाद मुंबई पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। जांच के दौरान दुकान में लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगालने पर चोरी में शामिल आरोपी की पहचान डालीम शेख के रूप में हुई। आरोपी की पहचान होने के बाद मुंबई पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी के लिए राधानगर पुलिस से संपर्क किया। वही मुंबई पुलिस ने राधानगर थाना पुलिस के सहयोग से त्वरित कार्रवाई करते हुए पियारपुर गांव में छापेमारी की और डालीम शेख को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के समय पाईधूनी थाना के पुलिस निरीक्षक अनिल रंजना भी अपनी टीम के साथ मौके पर मौजूद थे। ट्रांजिट रिमांड मिलने के बाद मुंबई पुलिस अब डालीम शेख को मुंबई ले जाकर आगे की पूछताछ करेगी और चोरी के मामले में उसकी संलिप्तता और अन्य साथियों के बारे में जानकारी जुटाएगी।

## खूंटी ने श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ, निकली गई कलश यात्रा

मेट्रो रेज संवाददाता

**खूंटी :** खूंटी के कर्रा रोड शिवा जी चौक में आज से श्रीमद भागवत कथा का आयोजन ओम प्रकाश भला के आवास पर किया जा रहा है। जिसमें कथा वाचक (वृंदावन) से पधारे श्री धीरज कृष्ण जी शास्त्री के श्री मुख से भागवत कथा का वाचन किया जाएगा। श्रीमद भागवत कथा 3 मई से 9 मई तक प्रतिदिन 4.30 से 8.30 किया जाएगा। खूंटी में आज से लेकर 9 मई तक चलने वाले भागवत कथा का आयोजन स्व सुधा भाला के पुण्य स्मृति में किया जा रहा है जिसे लेकर आज खूंटी के प्राचीन महादेव मंडा से एक शुभ कलश यात्रा निकली गई, जिसमें हजारों की संख्या में महिलाएं पुरुषों ने भागीदारी की। कलश यात्रा में महिलाएं शुभ कलश को अपने मस्तक पर धारण कर पूरे नगर का भ्रमण किया। वही कथा के आयोजक ओम प्रकाश भाला ने श्रीमद भागवत गीता को अपने मस्तक पर रखकर कलश यात्रा के आगे आगे चलते हुए नगर भ्रमण किया। श्रीमद भागवत कथा को लेकर निकली गई कलश शोभायात्रा महादेव मंदिर से निकल कर नगर भ्रमण करते हुए कथा स्थल कर्रा रोड में सम्पन्न हुई।

इस कलश यात्रा में ओम प्रकाश भाला, अनूप साहू, मदन मोहन गुप्ता, सुनील कुमार साहू, ज्योतिष भगत, विशाल कुमार, बिना देवी पटेल, शुल्क कुमार मुख रूप से शामिल रहे।

### कर्नाटक में बजरंग दल के कार्यकर्ता की सरेआम हत्या से रोष

## सुहास शेट्टी के हत्यारों को मिले फांसी की सजा : पंकज

### कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने सुहास शेट्टी की शव यात्रा भी निकालने की अनुमति नहीं दी

मेट्रो रेज संवाददाता

**साहिबगंज :** कर्नाटक के मंगलुरु में गुरुवार रात को बजरंग दल के युवा कार्यकर्ता सुहास शेट्टी को जिहादी मानसिकता के जिहादियों के द्वारा झुंड बनाकर सरेआम हत्या कर दी गई। जिससे सुहास शेट्टी की मौत हो गई। विश्व हिंदू परिषद के पंकज मंडल विहिप जिला प्रचार प्रसार प्रमुख शनिवार की सुबह अपने कार्यालय में प्रेस बयान जारी करते हुए कहा कि बजरंग दल के युवा बजरंगी सुहास शेट्टी की हत्या जिहादी मानसिकता के जिहादियों के द्वारा सुनियोजित तरीके से झुंड बनाकर सरेआम हत्या की गई है। जिससे सुहास शेट्टी की मौत हो गई। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकताओं में काफी रोष है।आगे उन्होंने कहा कि हिंदू समाज कि रक्षा के लिये संघर्ष करने कि हिम्मतवाले एक अच्छे गोरक्षक बजरंगी को हमने खो दिया।जिहादी हिंसा कि कब्र खोदने का प्रबल संकल्प हिन्दू समाज ने पूर्ण करने का समय आ गया है। कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने



सुहास शेट्टी की शव यात्रा भी निकालने की अनुमति नहीं दी। जिहादी मानसिकता के जिहादियों का मनोबल बढ़ गया है। केंद्र सरकार जिहादी मानसिकता वाले जिहादियों को चिन्हित करके कठोर से कठोर कार्रवाई करें। जिहादी मानसिकता की सोच रखने वाले वाले जिहादी राष्ट्र और सनातन के विरोधी हैं।आगे उन्होंने केंद्र सरकार से इस ममाले में हस्तक्षेप करने का आग्रह किया है। साथ ही उन्होंने सुहास शेट्टी के हत्या में शामिल सभी जिहादियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी की मांग की है। और फास्ट ट्रैक कोर्ट में मामले की सुनवाई कर सभी जिहादियों की फांसी की सजा देने की मांग की है। यदि जिहादियों की जल्द गिरफ्तारी नहीं हुई तो विश्व हिंदू परिषद,बजरंग दल साहिबगंज जिला के द्वारा जोरदार आंदोलन किया जायेगा।

# संजय दत्त की फिल्म 'द भूतनी' की बॉक्स ऑफिस पर धीमी शुरूआत

संजय दत्त आखिरी बार तेलुगू फिल्म 'डबल इस्मार्ट' में नजर आए थे, लेकिन यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह नाकाम रही। अब संजू बाबा एक नए अंदाज में हॉरर कॉमेडी फिल्म 'द भूतनी' के जरिए वापसी कर चुके हैं। यह फिल्म 1 मई को अजय देवगन की 'रेड 2' के साथ सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। हालांकि, रिलीज के बाद फिल्म को मिश्रित समीक्षाएं मिलीं, कुछ दर्शकों को फिल्म की कॉमेडी पसंद आई तो कुछ ने इसे कमजोर बताया। बावजूद इसके बॉक्स ऑफिस पर फिल्म की शुरूआत निराशाजनक रही है। अब देखना होगा कि वीकेंड तक फिल्म अपनी पकड़ बना पाती है या नहीं। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, फिल्म ने रिलीज के पहले दिन महज 65 लाख रुपये का कारोबार किया है। यह एक बड़ी फिल्म के लिए चौंकाने वाला आंकड़ा है, खासकर तब जब इसके साथ ही अजय देवगन की 'रेड 2' जैसी बड़ी फिल्म भी रिलीज हुई है। बता दें, 'द भूतनी' का अनुमानित बजट 25 करोड़ रुपये है, ऐसे में इस कमाई के साथ फिल्म के लिए अपनी लागत निकालना भी चुनौतीपूर्ण लग रहा है।

'द भूतनी' का निर्देशन सिद्धांत सचदेव ने किया है। यह एक हॉरर कॉमेडी फिल्म है, जिसमें संजय दत्त के साथ मौनी रॉय मुख्य भूमिका में नजर आई हैं। इसके अलावा पलक तिवारी और सनी सिंह ने भी फिल्म में अपनी मौजूदगी दर्ज कराई है। जहां संजय दत्त की परफॉर्मेंस को सराहा जा रहा है और फिल्म के कॉमेडी पंच लोगों को हंसी का मौका दे रहे हैं, वहीं फिल्म की कहानी दर्शकों को ज्यादा



प्रभावित नहीं कर पाई। बॉक्स ऑफिस पर 'द भूतनी' की टक्कर फिलहाल 'रेड 2', 'केसरी 2' और 'हिट 3' जैसी फिल्मों से हो रही है, जिससे इसके लिए मुकाबला और भी कठिन हो गया है।



# रणवीर कपूर की बहन रिद्धिमा का 44 की उम्र में फिल्म डेब्यू

मनोरंजन जगत में कपूर परिवार एक बड़ा नाम है। इस परिवार के लगभग सभी सदस्य अभिनय के क्षेत्र में सक्रिय हैं। पृथ्वीराज कपूर से लेकर रणबीर और करीना तक पूरी पीढ़ी अभिनय कर रही है। इतना ही नहीं, बल्कि हर कोई सफल रहा है और उसने अपना अनोखा स्थान बना लिया है। हालांकि अब परिवार की अन्य सदस्य यानी रणबीर की बहन रिद्धिमा कपूर 44 साल की उम्र में हिंदी सिनेमा में डेब्यू कर रही हैं। बॉलीवुड में इस पीढ़ी में कपूर परिवार के रणबीर कपूर अभिनय के क्षेत्र में सबसे आगे हैं। ऋषि कपूर और नीतू कपूर के बेटे रणबीर के कई प्रशंसक हैं। कई फिल्मों में उनके अभिनय की हमेशा सराहना की गई। अब रणबीर की बहन रिद्धिमा कपूर हिंदी सिनेमा में डेब्यू कर रही हैं। वह अब तक अभिनय से दूर रहीं, लेकिन अब 44 साल की उम्र में उन्होंने अभिनय को अपनाने का फैसला किया है। अपने डेब्यू के बारे में बात करते हुए रिद्धिमा ने कहा, ₹मैं एक फिल्म की शूटिंग कर रही हूं। इसकी शूटिंग जून तक हिमालय के पहाड़ी इलाकों में चलेगी। मैं और मेरा परिवार मेरे डेब्यू को लेकर बहुत उत्साहित है। शूटिंग के दौरान मैं अपनी मां के साथ थी और हमने रिहर्सल भी की। चूँकि गर्मी की छुट्टियां थीं, इसलिए मेरी बेटी समायरा भी मुझसे मिलने आई थी। मैं स्क्रिप्ट की तस्वीरें अपने परिवार वालों को भेजती हूं और उनसे मुझे कुछ सुझाव और सहयोग मिलता है।₹ रिद्धिमा कपूर ने कहा, ₹मैंने कभी अभिनय में आने की योजना नहीं बनाई थी। जब मुझसे पूछा गया, तो मैंने बस हाँ कह दिया। मैंने पटकथा सुनी और मुझे कहानी बहुत पसंद आई, लेकिन फिल्मों में आने की मेरी कभी योजना नहीं थी। ऋषि कपूर की बेटी रिद्धिमा कपूर ने वर्ष 2006 में व्यवसायी भरत साहनी के साथ विवाह किया। उनकी एक 14 वर्षीय बेटी समायरा है। रिद्धिमा बहुत खूबसूरत थीं और उनसे अक्सर पूछा जाता था कि वह अभिनेत्री क्यों नहीं बनीं। अब वह अंततः 44 वर्ष की उम्र में फिल्म अभिनय के क्षेत्र में पदार्पण कर रही हैं।

# बॉक्स ऑफिस पर पहले दिन फिल्म 'हिट 3' की अच्छी शुरूआत



साउथ भारतीय सिनेमा के मशहूर अभिनेता नानी इन दिनों अपनी थ्रिलर फिल्म 'हिट 3ः द थर्ड केस' को लेकर सुर्खियों में हैं। यह फिल्म 1 मई को 'रेड 2' और 'द भूतनी' जैसी फिल्मों के साथ सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। 'हिट 3' को दर्शकों की ओर से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है, वहीं समीक्षकों ने भी नानी के दमदार अभिनय और फिल्म की कहानी की जमकर तारीफ की है। फिल्म ने पहले ही दिन बॉक्स ऑफिस पर शानदार शुरूआत करते हुए तगड़ी कमाई दर्ज की।

बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के आंकड़ों के मुताबिक, 'हिट 3ः द थर्ड केस' ने रिलीज के पहले ही दिन 18 करोड़ रुपये का कारोबार किया है। फिल्म को क्रिटिक्स और दर्शकों दोनों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है और ऐसे में उम्मीद है कि वीकेंड पर 'हिट 3' की कमाई में और भी उछाल देखने को मिलेगा। 'हिट 3ः द थर्ड केस' ने पहले दिन 18 करोड़ रुपये की कमाई करते हुए नानी के करियर की दूसरी सबसे बड़ी ओपनिंग का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। इसने उनकी पिछली फिल्म 'सारिपोधा सानिवारम' को पीछे छोड़ दिया, जिसने पहले दिन 9 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। नानी की अब तक की सबसे बड़ी ओपनर फिल्म 'दशहरा' थी, जिसने पहले दिन भारत में 23.2 करोड़ रुपये की शानदार कमाई की थी। 'हिट 3' में नानी के साथ अभिनेत्री श्रीनिधि शेट्टी नजर आ रही हैं और शैलेश कोलानू ने फिल्म का निर्देशन किया है।

# परेश रावल के बाद 'आशिकी' फेम अनु अग्रवाल का खुलासा



अभिनेता परेश रावल ने कुछ दिन पहले एक साक्षात्कार में यह खुलासा किया कि उन्होंने एक चोट से उबरने के लिए स्व मूत्र पिया था, तो यह बयान हर किसी को चौंका गया। अब इस विषय पर बॉलीवुड की फिल्म 'आशिकी' फेम अभिनेत्री अनु अग्रवाल ने एक खुलासा किया है कि उन्होंने भी स्वमूत्र को अपनाया है। अभिनेत्री अनु अग्रवाल ने हाल ही में एक इंटरव्यू में खुलासा किया। उन्होंने बताया कि उन्होंने मूत्र चिकित्सा यानी यूरीन थैरेपी को न केवल अपनाया है, बल्कि इससे उन्हें कई स्वास्थ्य लाभ भी मिले हैं। अनु ने कहा, ₹बहुत से लोगों को इसकी जानकारी नहीं होती। यह जागरूकता की कमी का परिणाम है। पेशाब पीने को योग में 'अमरोली मुद्रा' कहा गया है। मैंने खुद इसका अध्ययन किया है और इसके साथ प्रयोग भी किया है। हर किसी को इसका गहराई से अध्ययन करना चाहिए। अनु अग्रवाल ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा, ₹मैंने खुद इस प्रक्रिया को अपनाया है और हम सभी ने इसे आजमाया है। यह एक बेहद जरूरी और प्रभावशाली अभ्यास है। एक बात हमेशा ध्यान रखनी चाहिए कि मूत्र की पूरी धार नहीं पी जाती। इसमें से केवल बीच का हिस्सा लिया जाता है, जिसे 'अमृत' माना जाता है। अनु ने बताया कि यह उपाय त्वचा को झुर्रियों से बचाने में मदद करता है और स्वास्थ्य के लिए बेहद लाभकारी है। उन्होंने कहा, ₹मैंने खुद इस उपाय के सकारात्मक प्रभावों को महसूस किया है।₹ उनके इस बयान ने सोशल मीडिया पर नई चर्चा छेड़ दी है, खासकर योग और प्राचीन भारतीय उपचार पद्धतियों में रुचि रखने वालों के बीच। इससे पहले अभिनेता परेश रावल ने भी एक इंटरव्यू में इस किस्से को विस्तार से शेयर किया था। उन्होंने कहा, जब मैं नानावटी अस्पताल में भर्ती था, तब वीरू देवगन मुझसे मिलने आए थे। उन्होंने मेरी चोट के बारे में पूरी जानकारी ली। सारी बात सुनने के बाद उन्होंने मुझे एक अनोखी सलाह दी। वीरू ने कहा कि सुबह उठते ही अपना पेशाब पी लेना चाहिए। इससे दर्द जल्दी ठीक हो जाएगा। साथ ही उन्होंने मुझे शराब, चिकन और तंबाकू जैसी चीजें तुरंत छोड़ने की भी सलाह दी।

## मलयालम अभिनेता विष्णु प्रसाद का निधन

**मुंबई :** मलयालम फिल्म इंडस्ट्री के मशहूर अभिनेता विष्णु प्रसाद का निधन हो गया है।वे जीवर से जुड़ी गंभीर बीमारी से जुड़े थे। विष्णु के निधन की जानकारी अभिनेता किशोर सत्या ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट के माध्यम से दी। किशोर ने फेसबुक पोस्ट के जरिए लिखा, ₹प्रिय सभी, एक बेहद दुखद समाचार... विष्णु प्रसाद अब हमारे बीच नहीं रहे। वह बीते कुछ समय से गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे।₹ उन्होंने आगे लिखा, ₹ईश्वर उनके परिवार को इस असामयिक क्षति को सहने की शक्ति दे। मेरी संवेदनाएं उनके परिवार के साथ हैं।₹ विष्णु प्रसाद के निधन से फिल्म जगत में शोक की लहर है और उनके प्रशंसक उन्हें नम आंखों से याद कर रहे हैं। अभिनेता विष्णु प्रसाद लीवर से जुड़ी गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे और पिछले कुछ दिनों से उनकी हालत बेहद नाजुक बनी हुई थी। रिपोर्ट के मुताबिक उनके परिवार ने लीवर ट्रांसप्लांट कराने की तैयारी शुरू कर दी थी। इस प्रक्रिया में उनकी बेटी ने भावुक पहल करते हुए स्वयं डोनर बनने की पेशकश की थी। हालांकि, इस जीवनरक्षक सर्जरी के लिए जरूरी आर्थिक संसाधन जुटाने में परिवार को काफी संघर्ष करना पड़ा। समय पर इलाज न मिल पाने के कारण अभिनेता की हालत और बिगड़ती चली गई, और आखिरकार उन्होंने दुनिया को अलविदा कह दिया। विष्णु प्रसाद मलयालम फिल्म और टेलीविजन इंडस्ट्री के एक जाना-पहचाना नाम थे। अपने प्रभावशाली अभिनय से उन्होंने न सिर्फ सिनेमा बल्कि छोटे पर्दे पर भी एक खास जगह बनाई थी। उन्होंने 'थोंडिमुथलम ड्रिक्साक्षियम' और 'नाइजीरिया से सूडानी' जैसी चर्चित फिल्मों में बेहतरीन अभिनय किया, जिसने उन्हें दर्शकों और समीक्षकों दोनों के बीच लोकप्रियता दिलाई। इसके अलावा वह 'काशी', 'काई एथम दूरेथु', 'रनवे', 'मम्बाझकालम', 'लॉयन', 'बेन जॉनसन', 'लोकनाथन आईएएस', 'पाठका' और 'मराठा नाडु' जैसी फिल्मों का भी हिस्सा रहे हैं। उनकी अदायगी में सहजता और गहराई थी, जिसने उन्हें इंडस्ट्री में एक भरोसेमंद कलाकार बना दिया था।

# बॉक्स ऑफिस पर 'रेड-2' की धमाकेदार शुरूआत

अजय देवगन की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'रेड 2' गुरुवार 1 मई को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई। इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज होने के बाद से ही दर्शकों में इसे लेकर उत्सुकता थी, जिसके चलते बड़ी संख्या में एडवांस बुकिंग हुई। 'रेड 2' को सिनेमाघरों में दर्शकों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है। अब 'रेड 2' की पहले दिन की कमाई सामने आ गयी है। 'रेड 2' 2018 की सुपरहिट फिल्म 'रेड' का सीक्वल है। अजय देवगन की फिल्म ने रिलीज के पहले दिन ही कई फिल्मों को टक्कर देते हुए जबरदस्त कमाई कर ली है। संजय दत्त की 'द भूतनी', साउथ की फिल्में 'रेट्रो' और 'हिट 3' और हॉलीवुड की 'थंडरबोल्ट' गुरुवार को रिलीज हुईं। इसके



अलावा पहले रिलीज हुई 'केसरी 2' और 'जाट' दोनों ही फिल्में सिनेमाघरों में हैं। इन सभी फिल्मों को टक्कर देते हुए 'रेड 2' बॉक्स ऑफिस पर बाजी मारने में कामयाब रही। 'रेड 2' की शुरूआत दमदार रही। फिल्म ने प्री-टिकट बिक्री से लगभग 10 करोड़ रुपये की कमाई की है। 'रेड 2' का पहले दिन का कलेक्शनसैकनीलक की शुरूआती ट्रेंड रिपोर्ट के अनुसार, 'रेड 2' ने रिलीज के पहले दिन 18.25 करोड़ रुपये की कमाई की है। 'रेड 2' ने रिलीज के पहले दिन ही बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया है। फिल्म 'रेड 2' 2025 की तीसरी सबसे ज्यादा ओपनिंग करने वाली फिल्म बन गई है। 'छावा' (33.10 करोड़) और 'सिकंदर' (27.50 करोड़) और 'रेड 2' (18.25 करोड़) इस साल की तीन सबसे ज्यादा ओपनिंग करने वाली बॉलीवुड फिल्में हैं। 'रेड 2' 40 से 50 करोड़ रुपये के बजट पर बनी फिल्म है। शुरूआती अनुमान के मुताबिक फिल्म ने रिलीज के पहले दिन 18.25 करोड़ रुपये की कमाई की है। इस प्रकार, फिल्म ने अपने बजट का लगभग आधा हिस्सा वसूल कर लिया है। फिल्म को दर्शकों से मिली सकारात्मक प्रतिक्रिया को देखते हुए यह इस सप्ताह के अंत तक अपना पूरा बजट वसूल कर लेगी और हिट हो जाएगी। रजत गुप्ता ने निर्देशित रेड 2 में अजय देवगन, रितेश देशमुख, वाणी कपूर, रजत कपूर, सौरभ शुक्ला और सुप्रिया पाठक जैसे दिग्गज कलाकार अहम भूमिकाओं में हैं।

# आईपीएल 2025 : गुजरात टाइटंस ने सनराइजर्स हैदराबाद को 38 रनों से हराया

एजेंसी

**अहमदाबाद :** आईपीएल 2025 के 51वें मुकाबले में गुजरात टाइटंस ने सनराइजर्स हैदराबाद को 38 रनों से हरा दिया है। इसी के साथ गुजरात की टीम अंकतालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गई है। अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में शुक्रवार को खेले गए मुकाबले में गुजरात टाइटंस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में छह विकेट पर 224 रन बनाए थे, जवाब में सनराइजर्स की टीम 20 ओवर में छह विकेट पर 186 रन ही बना सकी। हैदराबाद के लिए अभिषेक शर्मा ने 41 गेंदों पर चार चौकों और छह छक्कों की मदद से 74 रन बनाए लेकिन उनकी पारी भी टीम को जीत नहीं दिला सकी। गुजरात की ओर से मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा ने दो-दो विकेट लिए जबकि ईशांत शर्मा और गेराल्ड कोएट्जे को एक-एक विकेट मिला। इससे पहले, गुजरात टाइटंस ने कप्तान शुभमन गिल और जोस बटलर के अर्धशतकों की मदद से सनराइजर्स हैदराबाद को 225 रनों का लक्ष्य दिया। सनराइजर्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया और गुजरात ने 20 ओवर में छह विकेट पर 224 रन बनाए। गुजरात के लिए गिल ने सबसे ज्यादा 38 गेंदों पर 10



चौकों और दो छक्कों की मदद से 76 रन बनाए जबकि बटलर ने 37 गेंदों पर तीन चौकों और चार छक्कों की मदद से 64 रन की पारी खेली। सनराइजर्स की ओर से जयदेव उनादकट ने अंतिम ओवर में तीन विकेट झटके। पहले बल्लेबाजी करते हुए गिल और सुदर्शन ने एक बार फिर गुजरात को मजबूत शुरूआत दिलाई और पहले विकेट के लिए 87 रन जोड़े। गिल और सुदर्शन की शानदार बल्लेबाजी की मदद से गुजरात ने पावरप्ले का अपना सर्वोच्च स्कोर भी बनाया। सुदर्शन ने इसके साथ ही टी20 में 2000 रन पूरे किए और वह कम पारियों में ऐसा करने वाले भारत के पहले और दुनिया के दूसरे बल्लेबाज बन गए। सुदर्शन हालांकि, अर्धशतक पूरा नहीं कर सके और 48 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इसके बाद गिल और बटलर ने मोर्चा संभाला। गिल ने अर्धशतक पूरा किया, लेकिन वह रन होकर पवेलियन लौटे। बटलर ने फिर आक्रमक पारी खेलना जारी रखा और 31 गेंदों पर पचासा पूरा किया। बटलर भी लंबा शॉट खेलने के चक्कर में आउट हो गए। बटलर जब आउट हुए तो गुजरात का स्कोर 200 के पार पहुंच चुका था। पैट कमिंस ने आखिरी ओवर डालने के लिए उनादकट को भेजा। उन्होंने दूसरी गेंद पर वॉशिंगटन सुंदर को आउट किया जो 16 गेंदों पर एक छक्के की मदद से 21 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद पांचवीं गेंद पर राहुल तेवतिया भी छह रन बनाकर पवेलियन लौटे और फिर छठी गेंद पर राशिद खान खाता खोले बिना आउट हुए। शाहरुख खान दो गेंदों पर छह रन बनाकर नाबाद लौटे। सनराइजर्स के लिए उनादकट के अलावा कमिंस और जीशान अंसारी को एक-एक विकेट मिला।

## पाकिस्तान दौरे से पहले यूएई के खिलाफ दो टी-20 मैच खेलेगा बांग्लादेश

**नई दिल्ली :** बांग्लादेश पुरुष क्रिकेट टीम पाकिस्तान दौरे से पहले इस महीने के अंत में यूएई का दौरा करेगी, जहां टीम दो टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेलेगी। ये मुकाबले 17 और 19 मई को शारजाह क्रिकेट स्टेडियम में रात 7 बजे (स्थानीय समयानुसार) खेले जाएंगे। यह दोनों देशों के बीच तीन वर्षों में दूसरी द्विपक्षीय टी20 श्रृंखला होगी। बांग्लादेश और यूएई के बीच पिछली द्विपक्षीय टी20 श्रृंखला 2022 में दुबई में खेली गई थी, जहां बांग्लादेश ने दोनों मुकाबले जीतकर 2-0 से सीरीज अपने नाम की थी। इस बार भी बांग्लादेश की टीम मजबूत नजर आ रही है, जबकि यूएई को घरेलू परिस्थितियों का फायदा मिल सकता है। एमिरेट्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर सुब्हान अहमद ने एक आधिकारिक बयान में कहा, ₹हम एक बार फिर बांग्लादेश पुरुष टीम की मेजबानी करके उत्साहित हैं। पिछले तीन वर्षों में हमने न्यूजीलैंड, वेस्टइंडीज और अफगानिस्तान जैसी आईसीसी फुल मेंबर टीमों की मेजबानी की है। अब बांग्लादेश की यह दूसरी द्विपक्षीय यात्रा हमारे लिए खास है।

# आईसीसी महिला टी20 टीम रैंकिंग: ऑस्ट्रेलिया ने टॉप पोजिशन की मजबूत की पकड़, थाईलैंड को दो स्थानों का फायदा

### वार्षिक अपडेट के बाद ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच अंतर बढ़ा

एजेंसी

**नई दिल्ली :** आईसीसी महिला टी20 टीम रैंकिंग का वार्षिक अपडेट जारी कर दिया गया है। इसमें ऑस्ट्रेलिया ने अपनी टॉप पोजिशन को और मजबूत कर लिया है। ऑस्ट्रेलिया अब 299 रेटिंग अंकों के साथ पहले स्थान पर है और उसने इंग्लैंड पर अपनी बढ़त 18 से बढ़ाकर 20 अंकों की कर ली है। रैंकिंग के टॉप-8 स्थानों में किसी तरह का बदलाव नहीं हुआ है। भारत 260 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर कायम है जबकि टी20 वर्ल्ड कप विजेता न्यूजीलैंड (253) चौथे और उप-विजेता दक्षिण अफ्रीका (243) पांचवें स्थान पर बने हुए हैं। वेस्टइंडीज (240), श्रीलंका (228) और पाकिस्तान (220) ने भी अपनी-अपनी रैंकिंग बनाए रखी है, हालांकि इनमें कुछ टीमों के अंकों में मामूली उतार-चढ़ाव देखने को मिला। थाईलैंड को दो स्थानों की छलांग, टॉप-11 में पहुंचाः थाईलैंड की टीम ने स्कॉटलैंड और पापुआ न्यू गिनी को पीछे छोड़ते हुए 11वें स्थान पर जगह बना ली है। थाईलैंड को यह बढ़त हांगकांग में खेले गए क्वाड्रैंगुलर सीरीज और नेपाल में त्रिकोणीय सीरीज में मिली जीतों के चलते मिली है। सबसे बड़े गेनरः सिएरा लियोन और कुवैतः इस वार्षिक अपडेट में सिएरा लियोन और कुवैत को सबसे अधिक फायदा हुआ है। दोनों टीमों ने सात-सात रेटिंग पॉइंट्स के साथ तीन-तीन स्थानों की छलांग लगाई है। अब सिएरा लियोन 34वें और कुवैत 46वें स्थान पर हैं। चार टीमें हुईं बाहरः अक्टूबर 2021 से अप्रैल 2024 के बीच आठ या उससे अधिक टी20 मैच न खेलने के कारण चार टीमों को रैंकिंग से बाहर कर दिया गया है। इनमें मैक्सिको, चेकिया, ओमान और घाना शामिल हैं। यूएई को ओडीआई स्टेटस, अमेरिका बाहरः वार्षिक अपडेट के तहत 2025-29 चक्र के लिए ओडीआई स्टेटस वाली 16 टीमों की नई सूची भी घोषित की गई है। इसमें अमेरिका को बाहर कर यूएई को जगह दी गई है। यूएई ने ळ20करैंकिंग में बेहतर प्रदर्शन के आधार पर यह दर्जा हासिल किया है। इस लिस्ट में पांच एसोसिएट मेंबर्स हैं- थाईलैंड, स्कॉटलैंड, पापुआ न्यू गिनी, नीदरलैंड्स और अब यूएई। इन टीमों को या तो टी20 रैंकिंग या वर्ल्ड कप क्वालिफायर में प्रदर्शन के आधार पर ओडीआई स्टेटस मिला है।

# घाट में अंतर-विद्यालय क्षेत्रीय स्तरीय टूनार्मेंट आयोजित

एजेंसी

**डोडा :** उपायुक्त हरविंदर सिंह के निर्देश और जिला युवा सेवा एवं खेल अधिकारी प्रीतम सिंह के मार्गदर्शन में आज घाट में अंतर-विद्यालय क्षेत्रीय स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। क्षेत्रीय शारीरिक शिक्षा कार्यालय ने वॉलीबॉल, कबड्डी और खो-खो में जोशीले मुकाबलों वाले टूनार्मेंट का समन्वय किया। इस कार्यक्रम में घाट क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के 162 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। युवा खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता के दौरान उल्लेखनीय प्रतिभा, टीमवर्क और खेल भावना का प्रदर्शन किया जिससे यह कार्यक्रम युवाओं और शारीरिक फिटनेस का जीवंत उत्सव बन गया। राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घाट के प्रधानाचार्य दिनेश कुमार मुख्य अतिथि थे। उन्होंने प्रतिभागियों की समर्पण और ऊर्जा की सराहना की। पीईएल और प्रभारी जेडपीईओ सुरिंदर कुमार ने नोडल अधिकारी के रूप में कार्य किया और कार्यक्रम के आयोजन और देखरेख में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। टूनार्मेंट का सफल क्रियान्वयन सभी पीईएम, पीईटी और आरईके के सामूहिक प्रयासों से संभव हुआ। घाट के ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी को चिकित्सा कर्मचारियों की तैनाती और मौके पर प्राथमिक चिकित्सा सहायता सुनिश्चित करने के लिए विशेष धन्यवाद दिया गया। आयोजकों ने डायमंड यूथ क्लब घाट को निःशुल्क एम्बुलेंस सेवा प्रदान करने के लिए भी हार्दिक आभार व्यक्त किया जिससे कार्यक्रम की सुरक्षा और सुचारू संचालन में और अधिक योगदान मिला। टूनार्मेंट ने न केवल स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा दिया बल्कि

# पाकिस्तान की फौज ने फिर की गोलाबारी, कुपवाड़ा, उरी और अखनूर में तोड़ा संघर्ष विराम

एजेंसी



**श्रीनगर :** पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के बाद से पाकिस्तान की फौज लगातार नियंत्रण रेखा और अंतरराष्ट्रीय सीमा पर संघर्ष विराम का उल्लंघन कर भारतीय सेना को उकसाने की हरकत करने से बाज नहीं आ रही। भारतीय सेना के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा कि पाकिस्तान सेना की चौकियों की गोलीबारी का माकूल जवाब दिया गया। इस अधिकारी के अनुसार, 02-03 मई की रात को पाकिस्तान की सेना ने जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा, उरी और अखनूर क्षेत्रों में नियंत्रण रेखा के पार बिना उकसावे के छोटे हथियारों से गोलीबारी की। भारतीय सेना ने तुरंत इसका माकूल जवाब दिया।

इस सैन्य अधिकारियों के अनुसार, इससे पहले 01-02 मई की रात को भी पाकिस्तान की सेना ने नियंत्रण रेखा के पार जम्मू-कश्मीर के केंद्रशासित प्रदेश के कुपवाड़ा, बारामूला, पुंछ, नौशेरा और अखनूर क्षेत्रों में बिना उकसावे के छोटे हथियारों से गोलीबारी की। इसका भारतीय सेना ने संयमित और उचित तरीके से जवाब दिया। भारतीय सेना के अनुसार, 30 अप्रैल और 01 मई की रात को भी पाकिस्तान सेना की चौकियों ने जम्मू और कश्मीर के केंद्रशासित प्रदेश के कुपवाड़ा, उरी और अखनूर के सामने नियंत्रण रेखा के पार बिना उकसावे के छोटे हथियारों से गोलीबारी शुरू की। भारतीय सेना ने तत्काल उचित जवाब दिया। 29-30 अप्रैल की रात भी पाकिस्तान के सैनिकों ने नौशेरा, सुंदरबनी और अखनूर सेक्टरों में छोटे हथियारों से अकारण गोलीबारी कर भारत की सेना को उकसाया। पाकिस्तान की तरफ से गोलीबारी की घटनाएं कश्मीर घाटी के बारामूला और कुपवाड़ा जिलों में एलओसी पर भी सामने आई हैं। जम्मू जिले के परगवाल सेक्टर में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर भी फायरिंग की गई। प्रारंभ में गोलीबारी कुपवाड़ा और बारामूला से शुरू हुई, जो बाद में पुंछ और अखनूर, फिर सुंदरबनी और नौशेरा तक फैल गई। इसके साथ ही परगवाल सेक्टर में भी गोलीबारी की खबरें आईं, जो पिछले सप्ताह के बाद अंतरराष्ट्रीय सीमा पर पहली घटना मानी जा रही है। उल्लेखनीय है कि 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत के बाद भारत ने सिंधु जल संधि को निलंबित कर दिया है। तब से पाकिस्तान एलओसी पर लगातार अकारण गोलीबारी कर रहा है। इसके मद्देनजर सेना और सुरक्षा एजेंसियों ने सीमा क्षेत्रों में सतर्कता बढ़ा दी है। इन क्षेत्रों के नागरिकों से सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील की गई है। तनावपूर्ण माहौल के बीच सीमावर्ती इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था भी कड़ी की गई है। बताया गया है कि पाकिस्तान सेना की इस हरकत पर 29 अप्रैल को भारत ने चेतावनी भी दी। दोनों देशों के सैन्य संचालन महानिदेशकों ने हॉटलाइन पर बातचीत की। इस दौरान भारत ने सीजफायर उल्लंघन को लेकर पाकिस्तान को कड़ी चेतावनी दी।

## मुख्यमंत्री ने विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस पर कलमकारों को दी बधाई




एजेंसी

**भोपाल :** आज यानी शनिवार को विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस है। हर साल 3 मई को मनाया जाने वाला विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस प्रेस का उद्देश्य दुनिया भर में स्वतंत्र और निष्पक्ष पत्रकारिता को समर्थन देना और पत्रकारों का आने वाली चुनौतियों पर जागरुकता फैलाना होता है। यह दिन संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 1993 में घोषित किया गया था, ताकि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को प्रोत्साहित किया जा सके। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस पर कलमकारों को शुभकामनाएं दी है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर लिखा अंतरराष्ट्रीय प्रेस स्वतंत्रता दिवस की मीडिया के बंधुओं को हार्दिक बधाई देता हूं। लोकतंत्र, एकता व प्रगति के लिए ऐसी आवश्यक है पत्रकारिता, जो सतर्क होने के साथ प्रत्येक मायने में स्वतंत्र भी हो। हम सभी की शुभकामनाएं हैं कि चुनौतियों के बीच पत्रकार बंधु कर्तव्यपथ पर गतिमान रहते हुए राष्ट्रसेवा में सतत सहभागी बने रहेंगे।

## मप्र में मौसम ने बदली करवट, राजधानी समेत 40 जिलों में बारिश का अलर्ट

एजेंसी



**भोपाल :** मध्य प्रदेश में मौसम ने फिर करवट बदली है। प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में शुक्रवार को बादल छाए रहे और 21 जिलों में बारिश दर्ज की गई। 6 जिलों में तेज आंधी चली। रतलाम में पारा 44.2 डिग्री तक पहुंच गया। इसके उलट, राजधानी भोपाल में बादलों की मौजूदगी के बावजूद तापमान में गिरावट नहीं आई। यहां अधिकतम तापमान 41.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। शनिवार को भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर समेत करीब 40 जिलों में बारिश-आंधी का अलर्ट है। इनमें से 7 जिले सतना, मैहर, कटनी, उमरिया, शहडोल, डिंडौरी और अनूपपुर में ओले भी गिर सकते हैं। मौसम विभाग के अनुसार 6 मई तक ऐसा ही मौसम बना रहेगा। मौसम विभाग के अनुसार, जिन जिलों में आज शनिवार को बारिश हो सकती है, उनमें भोपाल, जबलपुर, ग्वालियर, भिंड, मुरैना, श्योपुर, दतिया, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, नीमच, मंदसौर, आगर-मालवा, राजगढ़, शाजापुर, विदिशा, रायसेन, सागर, नर्मदापुरम, पांढुर्णा, छिंदवाड़ा, नरसिंहपुर, दमोह, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना, सिवनी, मंडला, बालाघाट, रीवा, मऊगंज, सीधी और सिंगरौली शामिल हैं। यहां गरज-चमक और बारिश हो सकती है। जबकि इंदौर, उज्जैन, सीहोर, देवास, हरदा, बैतूल, बुरहानपुर, खरगोन, बड़वानी, धार, खंडवा, अलीराजपुर, झाबुआ, रतलाम और बड़वानी में गर्मी का असर रहेगा। मौसम विभाग का कहना है कि साइक्लोनिक सकुर्लेशन (चक्रवात) और वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) के एक्टिव होने से मध्य प्रदेश में ओले-बारिश का दौर जारी है। अगले कुछ दिन तक ऐसा ही मौसम बना रहेगा।

# ट्रंप प्रशासन डेटा मसले पर जिला अदालत के आदेश के खिलाफ पहुंचा सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी




**वाशिंगटन :** संयुक्त राज्य अमेरिका की एक जिला अदालत के सामाजिक सुरक्षा प्रशासन (एसएसए) के आम नागरिकों से संबंधित संवेदनशील डेटा तक एलन मस्क के सरकारी दक्षता विभाग (डीओजीई) के सदस्यों की पहुंच पर रोक लगाने के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है। ट्रंप प्रशासन ने शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट से अनुरोध किया कि डीओजीई के सदस्यों को एसएसए के डेटा (रिकॉर्ड) तक पहुंच प्रदान की जाए। द न्यूयॉर्क टाइम्स की खबर के अनुसार, सॉलिसिटर जनरल डी. जॉन सॉयर ने सुप्रीम कोर्ट से कहा है कि इस पर तत्काल दखल की जरूरत है। एक जिला न्यायालय ने इस मसले पर प्रतिबंध लगा दिया है। यह प्रतिबंध संघीय प्राथमिकताओं को अपूरणीय क्षति पहुंचाते वाला और कार्यकारी शाखा के कार्यों को बाधित करना है। बताया गया है कि ट्रंप प्रशासन ने हाल के हफ्तों में इस तरह के कई आवेदन दायर किए हैं। इनमें गुरुवार को एक आव्रजन मामले में दाखिल किया गया आवेदन भी शामिल है। यूएस टुडे अखबार की खबर के अनुसार, ट्रंप प्रशासन के सुप्रीम कोर्ट जाने की खास वजह यह है कि मैरीलैंड में एक संघीय न्यायाधीश ने एलन मस्क के सरकारी दक्षता विभाग को यूएस सामाजिक सुरक्षा प्रशासन के पास सुरक्षित लाखों अमेरिकियों के डेटा तक पहुंच प्रदान करने पर कठोर प्रतिबंध लगा दिया है। संघीय न्यायाधीश का मानना है कि एलन मस्क के विभाग ने इस डेटा पर पहुंच बनाकर संघीय गोपनीयता कानून का उल्लंघन किया है। ट्रंप प्रशासन ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि संघीय न्यायाधीश ने अपने अधिकार क्षेत्र की सीमा लांघी है। उन्होंने डीओजीई को होटल के कमरों में घुसने वाले घुसपैठियों के बराबर माना है, न कि उन कर्मचारियों के रूप में जो एजेंसी की तकनीक को आधुनिक बनाने और कचरे को जड़ से खत्म करने की कोशिश कर रहे हैं। सॉलिसिटर जनरल सॉयर ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि जिला न्यायालयों को राष्ट्रपति और एजेंसी प्रमुखों की सरकार की 'आवश्यकताओं' के बारे में अपने स्वयं के दृष्टिकोण को प्रतिस्थापित करने के लिए गोपनीयता अधिनियम का उपयोग करने में सक्षम नहीं होना चाहिए।₹ डीओजीई ने अपने मिशन के तहत कई एजेंसियों तक पहुंच की मांग की है, ताकि बेकार के खर्चों पर रोक लगाई जा सके। कहा जा रहा है कि मस्क ने दावा किया है कि लाखों मृत अमेरिकी अभी भी सामाजिक सुरक्षा के चेक प्राप्त कर रहे हैं। इस पर दो श्रमिक संघों और एक वकालत समूह ने एसएसए के खिलाफ मुकदमा दायर किया है।

# आठ दिन बाद भी पाकिस्तान की हिरासत में रिषड़ा का जवान, तृणमूल ने की तत्काल रिहाई की मांग

एजेंसी

**कोलकाता :** सीमा सुरक्षा बल के जवान पूर्णम कुमार साव के पाकिस्तान में आठ दिनों से बंदी रहने के मामले ने अब सियासी तूल पकड़ लिया है। तृणमूल कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जवान की अविलंब रिहाई की मांग की है। पार्टी का कहना है कि केंद्र सिर्फ बयानबाजी कर रही है, लेकिन जमीनी स्तर पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। तृणमूल कांग्रेस के प्रदेश महासचिव कुणाल घोष ने कहा, ₹सिर्फ डायलॉग बोलने से काम नहीं चलेगा। युद्धपोतों की नुमाइश और लड़ाकू विमानों की उड़ानों से सिर्फ टीवी की टीआरपी बढ़ती है, लेकिन बंगाल के बेटे पूर्णम को पाकिस्तानी रेंजर्स की गिरफ्त से छुड़ाने के लिए क्या ठोस कार्रवाई हुई है? देश जानना चाहता है कि अब तक हुई चर्चा का नतीजा क्या निकला? उन्होंने गृह मंत्री अमित शाह पर निशाना साधते हुए कहा, ₹आप कहते हैं कि चुन-चुन कर आतंकवादियों को मारेंगे लेकिन पहले यह बताइए कि आपकी ही बीएसएफ की आंखों के सामने पाकिस्तानी रेंजर्स ने सीमा पार कर हमारे जवान को उठा लिया। आपकी सेना और खुफिया एजेंसियां तब क्या कर रही थीं? अब जब जवान पकड़ा गया है तो उसकी रिहाई के लिए तुरंत ठोस कदम उठाएं। इस बीच, पूर्णम कुमार साव की गर्भवती पत्नी रजनी साव ने पठानकोट जाकर बीएसएफ अधिकारियों से मुलाकात की थी, लेकिन कोई ठोस आश्वासन न मिलने पर वे मायूस होकर हावड़ा जिले के अपने घर लौट आईं। उन्होंने कहा, ₹आठ दिन बीत चुके हैं। मेरे पति अब भी पाकिस्तानी रेंजर्स की हिरासत में हैं और बीएसएफ अधिकारी केवल आश्वासन दे रहे हैं। पूर्णम के पिता ने भी केंद्र सरकार पर सवाल उठाते हुए कहा, ₹हमारा बेटा देश की सेवा करते हुए पकड़ा गया है। उसे सुरक्षित वापस लाना केंद्र सरकार की जिम्मेदारी है। लेकिन सरकार हमें कुछ भी स्पष्ट नहीं बता रही। हमारी चिंता हर दिन बढ़ती जा रही है। सूत्रों के अनुसार, बीएसएफ के महानिदेशक और आईजी ने पूर्णम की पत्नी से फोन पर बातचीत की है। हालांकि, उनके स्वास्थ्य और स्थिति को लेकर परिवार में गहरी चिंता बनी हुई है। इधर, श्रीरामपुर के तृणमूल सांसद कल्याण बंद्योपाध्याय ने भी केंद्र सरकार से इस मुद्दे पर हस्तक्षेप की अपील की है और पीड़ित परिवार के संपर्क में बने हुए हैं।

## ब्राजील के पूर्व मिडफील्डर डूडू ने क्रुजेरो क्लब छोड़ा, वापसी के 4 महीने बाद ही टूटा साथ

एजेंसी

**रियो डी जनेरियो :** ब्राजील की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के पूर्व मिडफील्डर डूडू ने अपने पुराने क्लब क्रुजेरो से चार महीने के भीतर ही नाता तोड़ लिया है। डूडू ने दिसंबर के अंत में पाल्मेरास से फ्री ट्रांसफर पर वापसी की थी, लेकिन अब क्लब से उनका अनुबंध समाप्त हो गया है।

### तुरंत प्रभाव से अनुबंध समाप्त

शुक्रवार को सोशल मीडिया पर जारी एक संक्षिप्त बयान में क्रुजेरो ने कहा, ₹क्रुजेरो सूचित करता है कि खिलाड़ी के साथ उसके अनुबंध को तत्काल प्रभाव से समाप्त करने का निर्णय लिया गया है।₹ हालांकि, क्लब ने इस फैसले के पीछे के कारणों का खुलासा नहीं किया।

### सिर्फ 17 मैच और दो गोल

डूडू ने वापसी के बाद क्रुजेरो के लिए कुल 17 मुकाबले खेले और दो गोल किए। उनकी वापसी को लेकर प्रशंसकों में उम्मीदें थीं, लेकिन मैदान पर वह ज्यादा प्रभाव नहीं छोड़ सके। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, डूडू और क्लब के मैनेजर जॉन स्टीवंस के बीच रिश्तों में खटास आ गई थी, जिसके चलते यह निर्णय लिया गया।डूडू ने 2009 में क्रुजेरो से ही अपने प्रोफेशनल करियर की शुरूआत की थी और 2011 में डाइनामो कीव चले गए थे। इसके बाद उन्होंने कोरिटिबा, ग्रेमियो और कतर के क्लब अल-दुहैल के लिए भी खेला। डूडू ब्राजील की राष्ट्रीय टीम की ओर से तीन अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके हैं।

# गंगा सप्तमी पर मार्मिक अपील – गंगा के आंचल को मैला होने से बचाएं

- अस्सी घाट पर चला वृहद स्वच्छता अभियान –गंगा से निकाली गईं पॉलीथिन, कपड़े, शीशा व लोहे की तस्वीरें

एजेंसी



**वाराणसी :** गंगा अवतरण दिवस (गंगा सप्तमी) के पावन अवसर पर शनिवार को जनमानस से गंगा को निर्मल बनाए रखने की मार्मिक अपील की गई। अस्सी घाट पर 137 सीईटीएफ, 39 जीआर गंगा टास्क फोर्स, नमामि गंगे गंगा विचार मंच, नगर निगम और सिप्पा टीम के संयुक्त तत्वावधान में व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया। सभी सहभागी हर हर गंगे, नमामि गंगे, और नहीं रुकेंगे हम, स्वच्छ करेंगे हम₹ जैसे संकल्पों के साथ जुटे। घाट के पंडा, पुरोहित, नाविक समाज और दुकानदारों से स्वच्छता के प्रति विशेष सतर्कता बरतने का आग्रह किया गया। संदेश दिया गया कि गंगा केवल एक नदी नहीं, हमारी संस्कृति की धारा है। आइए, इस गंगा सप्तमी पर संकल्प लें झ गंगा के आंचल को मैला नहीं होने देंगे। स्वच्छता को आदत बनाएं, न कि अवसर। इस दौरान बच्चों ने हाथों में स्वच्छता संदेशों वाली तख्तियां लेकर श्रद्धालुओं को प्रेरित किया झ ह्लस्वच्छ गंगा, निर्मल गंगा झ यही हमारी सच्ची श्रद्धांजलि है ह्व ध्वनि विस्तारक यंत्र के माध्यम से लोगों को जागरूक करते हुए गंगा टास्क फोर्स के सूबेदार देवेंद्र बसनेट ने कहा, ह्लयदि हम गंगा में गंदगी डालना बंद कर दें, तो सफाई की आवश्यकता ही नहीं पड़ेगी। यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम गंदगी से बचें।

नमामि गंगे गंगा विचार मंच के जिला संयोजक शिवम अग्रहरि ने कहा कि हमें रूढ़िवादी मान्यताओं से ऊपर उठकर गंगा स्वच्छता को प्राथमिकता देनी होगी। धार्मिक वस्तुओं के निस्तारण के लिए वैकल्पिक व्यवस्था अपनानी चाहिए, जिससे आस्था भी बनी रहे और गंगा भी प्रदूषित न हो। स्वच्छता अभियान के दौरान गंगा से बड़ी मात्रा में पॉलीथिन, पुराने कपड़े, शीशे के टुकड़े, लोहे से बनी तस्वीरें और मूर्तियां, निर्माल्य आदि निकाले गए। यह दृश्य खुद में पीड़ा देने वाला था, जो हमारी लापरवाही का प्रतीक है। इसके बाद सभी स्वयंसेवकों ने मिलकर घाट की सफाई में घंटों श्रमदान किया। इस कार्य में पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के शिवेश्वर राय, जय विश्वकर्मा, अंकिता जेटली, भीम सिंह, सोनी, सिप्पा टीम के प्रतीक, आनंद, राजा, शशांक, नगर निगम के आलोक, धनवाती, पुला और पप्पू ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई।

## न्यूज IN ब्रीफ

### गौ माता राष्ट्र माता अभियान में गौ माता की डीएनए परीक्षण प्रयोगशाला की शुरूआत

**वाराणसी :** गौ माता राष्ट्र माता अभियानह्व में शनिवार को केदारघाट स्थित श्री विद्यामठ में गौ माता के डीएनए परीक्षण के लिए एक आधुनिक प्रयोगशाला की शुरूआत की गई। इस प्रयोगशाला में प्रत्येक गौ का डीएनए परीक्षण कर यह स्पष्ट किया जाएगा कि कौन गाय है और कौन गवय (गौ के नाम पर अन्य पशु)। इससे गौ माता की रक्षा तथा संरक्षण के कार्य को वैज्ञानिक आधार भी मिलेगा। श्री विद्यामठ के प्रभारी परमात्मानन्द ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सनातन संस्कृति में गौ माता को मात्र एक पशु नहीं,बल्कि मातृशक्ति और सात्विक ऊर्जा के स्रोत के रूप में प्रतिष्ठित किया गया है। हमारे शास्त्रों में स्पष्ट रूप से वर्णित है कि गौ के बिना हिंदू संस्कृति की कल्पना भी नहीं की जा सकती। आज जब पूरा समाज सात्विक ऊर्जा और शुद्ध वातावरण की आवश्यकता महसूस कर रहा है,तब दुर्भाग्यवश गौ माता की उपेक्षा और हत्या निरंतर बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि इसी पीड़ा को अनुभव करते हुए,देशभर के गौ सेवकों ने ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती से निवेदन किया कि वे आगे आकर गौ माता की रक्षा सुनिश्चित करें। गौ सेवा और राष्ट्र सेवा की भावना से प्रेरित होकर शंकराचार्य महाराज ने ह्लगौ माता राष्ट्र माता अभियानह्व का श्रीगणेश किया। इस अभियान के अंतर्गत देशभर में यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि गौ की पहचान वैज्ञानिक पद्धति से हो सके। उन्होंने बताया कि शंकराचार्य के आदेशानुसार श्री विद्यामठ में गौ माता की डीएनए परीक्षण के लिए आधुनिक प्रयोगशाला की स्थापना की गई है। परमात्मानन्द महाराज ने सभी सनातन धर्मावलम्बियों से आह्वान किया कि वे इस पावन कार्य में तन-मन-धन से सहयोग करें और गौ माता के संरक्षण को राष्ट्र रक्षा का प्रमुख कर्तव्य समझें।

### नई दिल्ली रेलवे स्टेशन में सूटकेस में बम की सूचना से सनसनी, जांच में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला

**नई दिल्ली :** नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर आज एक नीले रंग के लावारिस सूटकेस में बम होने की सूचना से पुलिस में हड़कंप मच गया। रेलवे पुलिस और बम निरोधक दस्ता के पहुंचते ही तमाशबीनों का मजमा लग गया। जांच में सूटकेस में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। डीसीपी (रेलवे) केपीएस मल्होत्रा के अनुसार, सुबह 8 बजे एक कॉल प्राप्त हुई। बताया गया कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर गेट नंबर 8 अजमेरी गेट के पास एक लावारिस नीले रंग का सूटकेस पड़ा है। उसमें बम हो सकता है। बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वायड मौके पर पहुंचे। उसकी जांच की गई। उसमें कपड़े थे। कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले दिल्ली के स्कूलों, सरकारी कार्यालयों और एयरपोर्ट आदि स्थानों पर बम होने की सूचना झूठी निकल चुकी हैं। 21 अप्रैल को तीन सरकारी कार्यालयों को बम से उड़ाने की धमकी भी मिली थी। यह धमकी द्वारका, नजफगढ़ और कापसहेड़ा स्थित एसडीएम कार्यालयों को दी गई थी।

### डल झील में नाव पलटने के बाद लापता हुए एक युवक का शव बरामद

**श्रीनगर :** शुक्रवार दोपहर डक पार्क के पास डल झील में नाव पलटने के बाद लापता हुए एक युवक का शव शनिवार सुबह राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) के बचावकर्मियों ने बरामद कर लिया है। एक अधिकारी ने बताया कि रैनावारी के चोपन मोहल्ले के लापता युवक का शव खराब दृश्यता के कारण रात भर बचाव अभियान स्थगित रहने के बाद मिला। उन्होंने बताया कि सुबह की पहली किरण के साथ तलाशी अभियान फिर से शुरू होने पर शव बरामद हुआ। उसकी पहचान श्रीनगर के रैनावारी के चोपन मोहल्ले के निवासी 24 वर्षीय तौफीक अहमद चोपन के रूप में हुई है। इससे पहले तेज हवाओं के बीच नाव पलट गई थी जिससे दो मछुआरे पानी में गिर गए थे। उनमें से एक रैनावारी के अब्दुल मजीद खोसा को घटना के तुरंत बाद बचा लिया गया था जबकि शुक्रवार को कई प्रयासों के बावजूद चोपन का पता नहीं लगाया जा सका था।

### कार सवार युवक से चरस बरामद, गिरफ्तार

**शिमला :** जिला शिमला के देहा थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक व्यक्ति को 74 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार सुरिंदर कुमार (40) निवासी गांव खरौरी, डाकघर बागड़ी तहसील देहा अपनी कार (ल्ढ 09उ 7927) को कारगोली नाले के पास पार्क किए हुए था। शुक्रवार की शाम पुलिस टीम ने जब कार की तलाशी ली तो उसमें बैठा सुरिंदर कुमार संदिग्ध पाया गया। तलाशी के दौरान कार से 74 ग्राम चरस बरामद की गई। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है कि वह चरस कहां से लाया था और इसका क्या उपयोग करने वाला था।

### युवक पर जानलेवा हमला कर फेंका सड़क किनारे, दो गिरफ्तार

**बलरामपुर :** युवक के साथ मारपीट करने के साथ ही मारकर गंभीर हालत में फेंकने के मामले में जिले के राजपुर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ग्राम लाऊ घुटरापारा निवासी 35 वर्षीय ओमप्रकाश यादव उर्फ जीतू व 32 वर्षीय दिनेश यादव को शुक्रवार देर शाम गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार ग्राम लाऊ निवासी 55 वर्षीय विगन यादव आ. स्व. रामवरत यादव ने थाने में आकर सूचना दी थी कि 10 फरवरी की शाम 6 बजे उमेश यादव घर से निकला था लेकिन वह रातभर घर नहीं लौटा। 11 फरवरी को सूचना मिली कि ग्राम भदार में उमेश यादव को लोगों ने मारकर फेंक दिया है। सूचना मिलने के बाद परिजन मौके पर पहुंचे तो उमेश की सांस चल रही थी लेकिन वह बेहोश था। युवक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। मामले में एसपी वैभव बैंकर द्वारा जांच के निर्देश दिए गए थे। एसपी के निर्देश पर एएसपी विश्व दीपक त्रिपाठी, एसडीओपी कुसमी इमानुएल लकडा के नेतृत्व में पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही थी। इस दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने दिनेश यादव और ओमप्रकाश यादव को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी कुमार चंदन सिंह, सउनि प्रकाश तिर्की, प्रधान आरक्षक राजेन्द्र ध्रुव, आरक्षक नरेन्द्र कश्यप, लखेश्वर पैकरा, अमृत सिंह, नरेश तिर्की, सुनील तिर्की तथा सैनिक संजय यादव सक्रिय रहे।

### पुलिस एनकाउंटर में शातिर बदमाश हुआ घायल

**बाराबंकी :** बीती देर रात सतरिख पुलिस द्वारा मुठभेड़ में एक शातिर बदमाश को घायल कर गिरफ्तार किया गया है। एएसपी डॉ अवधेश प्रताप सिंह ने बताया कि शुक्रवार की देर रात सतरिख पुलिस जाटा बरौली मोड के पास चेकिंग कर रही थी।अचानक बगैर नंबर प्लेट लगी मोटरसाइकिल पर एक व्यक्ति तेज रफ्तार से निकला पुलिस ने जब उसे रोकने का प्रयास तो वह और तेज गाड़ी भगाने लगा,जब उसका पीछा किया गया तो उसने पुलिस पर अवैध कट्टे से फायर छोक दिया, बचाव में जब पुलिस टीम ने फायर किया तो उसके पैर में गोली लग गई।

# दलमा में शिकार की रोकथाम के लिए प्रशासन सतर्क, तैयारी व्यापक




मेट्रो रेज संवाददाता

**जमशेदपुर :** दलमा वन्यप्राणी आश्रयणी में 5 मई को जनजातीय समुदाय द्वारा मनाए जाने वाले पारंपरिक विशु पर्व के दौरान होने वाले सेंदरा (शिकार) की रोकथाम के लिए जिला प्रशासन और वन विभाग ने व्यापक तैयारी की है। वन्य प्राणियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और अवैध शिकार पर नियंत्रण के लिए कई अहम कदम उठाए गए हैं।दलमा के डीएफओ सबा आलम अंसारी ने मानगो वन विभाग के कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में विभिन्न सेंदरा समितियों के प्रतिनिधियों से अपील की है कि वे पारंपरिक विशु पर्व को सांकेतिक रूप से मनाएं और वन्य प्राणियों का शिकार न करें। विशु शिकार की रोकथाम के लिए जमशेदपुर, सरायकेला और सामाजिक वानिकी (आदित्यपुर) वन प्रमंडलों के पदाधिकारियों व कर्मचारियों को तैनात किया गया है।

साथ ही, पूर्वी सिंहभूम और सरायकेला-खरसावां जिलों के उपायुक्तों व पुलिस अधीक्षकों, तथा रेलवे मंडलों (रांची, आद्रा, खड़गपुर, चक्रधरपुर) से सहयोग का आग्रह किया गया है। पटमदा, बोड़ाम, चांडिल, नीमडीह समेत सभी संवेदनशील क्षेत्रों में चिकित्सा व पशु चिकित्सा पदाधिकारियों को तैनात किया गया है। दलमा टॉप के पिन्ड्राबेड़ा स्थित वन विश्रामागार में 4 व 5 मई को सुबह 6.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक विशेष चिकित्सा व्यवस्था उपलब्ध रहेगी। थाना प्रभारियों को किया गया अलर्ट विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए संबंधित थाना प्रभारियों को अलर्ट किया गया है। संवेदनशील क्षेत्रों में दंडाधिकारी एवं सशस्त्र बल की तैनाती हेतु अनुमंडल पदाधिकारियों से अनुरोध किया गया है। शिकार रोकने हेतु 11 चेकनाका और 17 वनपथों पर वनकर्मियों और पदाधिकारियों की तैनाती की गई है। 55 से अधिक वनकर्मियों और भारतीय वन सेवा के 10 तथा राज्य वन सेवा के 2 अधिकारियों को अभियान में शामिल किया गया है। छह सूचना केंद्र स्थापित किए गए आश्रयणी की इको विकास समितियों के साथ बैठक कर दिशानिर्देश दिए गए हैं। 6 सूचना केंद्र स्थापित किए गए हैं। वन विभाग और समितियां संयुक्त रूप से गहन गश्ती कर जाल-फांस की बरामदगी कर रही हैं। आवश्यक संसाधनों के लिए विभिन्न प्रमंडलों से वाहन भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं। प्रेस वार्ता में रेंज अफसर दिनेश चंद्रा, अपर्णा चंद्रा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## न्यूज ब्रीफ

### ब्रेन हेमरेज से वृद्ध की मौत

**गिद्धौर (चतरा):** थाना क्षेत्र के मारंगी गांव के 60 वर्षीय वृद्ध केदार यादव का ब्रेन हेमरेज से मौत हो गई। बताया गया कि वृद्ध व्यक्ति अपने बाउंड्री में पानी पटवन करने जा रहे थे। इसी दौरान फिसलकर गिरकर घायल हो गए।घायल अवस्था में परिजनों द्वारा इलाज के लिए पत्थलगड़ा स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया । जहां बेहतर इलाज के लिए कटकमसांडी स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया गया। डॉक्टरों ने इलाज के क्रम में बताया कि वृद्ध व्यक्ति को ब्रेन हेमरेज हो गया है। बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग रेफर कर दिया गया। हजारीबाग जाने के दौरान बीच रास्ते में ही वृद्ध व्यक्ति की मौत हो गई। मौत की खबर सुन गांव में मातम पसर गया। जबकि परिजनों को रोकर बुरा हाल है।

### प्रीतिभोज समारोह में लोगों ने उपस्थित होकर वर वधू को आशीर्वाद दिया



झारखंड के वरीय आईएएस अधिकारी एवं जेपीएससी के सचिव रहे रवि रंजन मिश्रा के सुपुत्र चिरंजीवीअनुराग का शुभ विवाह आयुष्मती रिया के साथ संपन्न होने के पश्चात आज रांची के हटिया स्थित नंदन पैलेस में भव्य रुप से प्रितिभोज का आयोजन किया गया। इस प्रीतिभोज समारोह में मुख्य रूप से दक्षिण छोटानागपुर के आयुक्त अंजनी मिश्रा,कोल्हान के पूर्व आयुक्त विजय कुमार सिंह सहित कई आईएएस अधिकारीगणों के साथ साथ कई नामचीन हस्तियों ने उपस्थित होकर वर वधू को आशीर्वाद दिया।

### जातिगत जनगणना के फैसले का ओबीसी मोर्चा ने किया स्वागत

**जमशेदपुर :** केंद्र सरकार की ओर से जनगणना में जातिगत जानकारी को शामिल करने के फैसले का भाजपा जमशेदपुर महानगर ओबीसी मोर्चा ने स्वागत किया है। मोर्चा अध्यक्ष सागर राय ने इसे सामाजिक न्याय की दिशा में युगांतकारी कदम बताया। उन्होंने कहा कि यह फैसला दशकों से उठ रही देशव्यापी मांग का सम्मान है।सागर राय ने कहा कि देश में आखिरी बार जाति आधारित जनगणना 1931 में हुई थी और 2011 की सामाजिक, आर्थिक और जातीय जनगणना के आंकड़े आज तक सार्वजनिक नहीं किए गए। जातीय आंकड़ों के अभाव में ओबीसी समाज को योजनाओं और आरक्षण का समुचित लाभ नहीं मिल सका।

### मेगा ब्लॉक के कारण ट्रेनों के परिचालन में बदलाव

**धनबाद :** आद्रा मंडल के पुंदाग-राधागांव रेलखंड पर मेगा ब्लॉक के कारण ट्रेनों के परिचालन में बदलाव किया गया है। तीन मई को आनंद विहार-हटिया एक्सप्रेस टोरी-लोहरदगा-रांची के रास्ते चलेगी। वहीं पुरी-नई दिल्ली पुरुषोत्तम एक्सप्रेस का परिचालन पुरुलिया-अनारा-भोजूडीह-खानोडीह-गोमो के रास्ते होगा, जबकि चार मई को धनबाद-भुवनेश्वर स्पेशल ट्रेन चंद्रपुरा-बरकाकाना-मुरी के रास्ते चलेगी। धनबाद-एलेप्पी एक्सप्रेस भी चार को चंद्रपुरा-बरकाकाना-मुरी के रास्ते चलेगी। पटना-रांची जनशताब्दी को भी इसी रूट से चलाया जाएगा।

### धनबाद से खुलेगी रांची-दुमका एक्सप्रेस

**धनबाद :** आद्रा मंडल के पुंदाग-राधागांव रेलखंड में मेगा ब्लॉक के कारण कई ट्रेनों के परिचालन में बदलाव किया गया है। चार मई को पूर्णिया कोर्ट-हटिया एक्सप्रेस को पूर्णिया कोर्ट से एक घंटे देर से खुलेगी। वहीं चार मई को ही आरा-रांची एक्सप्रेस को आरा से आधा घंटा देर से खोला जाएगा। हटिया-आनंद विहार टर्मिनल एक्सप्रेस को हटिया से 60 मिनट देर से चलाया जाएगा। वहींचार मई को दुमका-रांची एक्सप्रेस का आंशिक समापन धनबाद स्टेशन पर होगा। जबकि चार को खुलने वाली गाड़ी रांची- दुमका एक्सप्रेस का धनबाद स्टेशन से खुलेगी।

### कोल इंडिया की मानकीकरण समिति के अध्यक्ष बने कावले

**धनबाद :** 11वें जेबीसीसीआई की मानकीकरण कमेटी का पुनर्गठन किया गया। एमसीएल के सीएमडी उदय ए कावले अध्यक्ष बनाए गए। निदेशक (विनय रंजन) विनय रंजन मेंबर सेक्रेटरी होंगे। कोल इंडिया के महाप्रबंधक (मानव संसाधन) गौतम बनर्जी की ओर से अधिसूचना जारी की गई है। कोल इंडिया की सभी अनुषंगी कंपनियों के निदेशक (मानव संसाधन) के साथ सीएमपीडीआईएल के निदेशक तकनीक, एससीसीएल के निदेशक कार्मिक, डब्ल्यूसीएल और सीआईएल के जीएम एचआर सदस्य होंगे। यूनियनों से बीएमएस से सुधीर घुरडे, मजरुल हक अंसारी, एचएमएस से शिवकांत पांडेय व शिवकुमार यादव, एटक के रमेंद्र कुमार और सीटू रामानंदन सदस्य बनाए गए। यूनियनों से वैकल्पिक सदस्य भी बनाए गए।

## पूर्व सैनिकों ने सरयू राय को किया सम्मानित



मेट्रो रेज संवाददाता

**जमशेदपुर :** विधायक सरयू राय को पूर्व सैनिक सेवा परिषद (पूर्वी सिंहभूम) के प्रतिनिधियों ने सम्मानित किया। बिष्टूपुर आवासीय कार्यालय में राय को पूर्व सैनिकों ने सम्मानित किया। यह सम्मान उन्हें सेना की कैंटीन सुविधा बहाल कराने में प्रमुख भूमिका निभाने के लिए दिया गया।1 अप्रैल 2025 से राज्य में सभी पूर्व सैनिकों के लिए सीएसडी कैंटीन में लिकर बिक्री बंद हो गई थी। इसका कारण वैट में छूट से संबंधित पत्र पर हस्ताक्षर न होना था, जिससे हजारों सैनिक परिवार प्रभावित हुए। यह मुद्दा 15 अप्रैल को पूर्व सैनिकों द्वारा विधायक सरयू राय के संज्ञान में लाया गया। शहर लौटने के बाद राय ने तत्परता दिखाते हुए वित्त विभाग के सचिव से संपर्क कर बार-बार आग्रह किया।

ारंतर प्रयास से 28 अप्रैल को वैट में छूट संबंधी पत्र पर हस्ताक्षर हुआ और 29 अप्रैल को नोटिफिकेशन जारी होते ही कैंटीन सुविधा बहाल कर दी गई। इसके बाद महज दो दिन में ओडिशा, चाईबासा, सरायकेला और पूर्वी सिंहभूम समेत विभिन्न क्षेत्रों के हजारों पूर्व सैनिकों ने इस सुविधा का लाभ उठाया।

## चांडिल में नेताजी शिशु उद्यान के लिए हुआ भूमि पूजन

**सरायकेला :** सरायकेला खरसावां जिले के चांडिल प्रखंड के मातकमडीह में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए नेताजी शिशु उद्यान खोला जाएगा. इसको लेकर गुरुवार को भूमि पूजन किया गया. इसकी जानकारी देते हुए डॉ सुजीत कुमार महतो ने बताया कि क्षेत्र में शिक्षा की बेहतर व्यवस्था करने के साथ ही यहां नेताजी सुभाष चंद्र बोस की आदमकद प्रतिमा लगाई जाएगी. ताकि क्षेत्र के बच्चों के साथ आम लोग नेताजी के बारे में जान सकें. भूमि पूजन के अवसर पर डॉ एस पी फाउंडेशन के निदेशक डॉ टीके चटर्जी, चांडिल के पूर्व प्रमुख वंशीधर सिंह सरदार, डॉ सुजीत कुमार महतो, लखीकांम गोराई, मांगाराम महतो, भंदु महतो, सुलोचना महतो सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे. पूर्व प्रमुख बंशीधर सिंह ने ग्रामीणों से सीमांकन पर चर्चा की.

## गैस सिलेंडर फटने से एक व्यक्ति झुलसा



मेट्रो रेज संवाददाता

**चतरा :** जिले के वशिष्ठनगर थाना क्षेत्र के जोरी बाजार में एक गैस सिलेंडर ब्लास्ट हो गया। इस घटना में एक व्यक्ति गंभीर रूप से झुलस गया। घायल व्यक्ति की पहचान मो जमशेद पिता मो मोईन के रूप में की गई है। बताया जाता है कि घटना के वक्त जमशेद के घर में कोई नहीं था। जब वह घर लौटा तो घर का दरवाजा खोलकर किचेन में चला गया। जैसे ही उसने चाय बनाने के लिए माचिस की तिल्ली जलाई की घर में आग लग गई। आग की चपेट में मो जमशेद पूरी तरह से आ गया और बुरी तरह से झुलस गया। इसी दौरान सिलेंडर भी ब्लास्ट कर गया। घटना के बाद ग्रामीणों और परिजनों की मदद से उसे आनन फानन में इलाज के सदर अस्पताल चतरा लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर उपचार के लिए हजारीबाग मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। सदर अस्पताल के चिकित्सक डॉ अजहर ने बताया कि जमशेद की स्थिति गंभीर है। क्योंकि उसका शरीर 90 प्रतिशत जल गया है।

## स्वार्थ के लिए मंदिर निर्माण में बाधा डाल रहे कुछ लोग: समिति

मेट्रो रेज संवाददाता

**धनबाद :** कुछ लोग अपने स्वार्थ के लिए स्टील गेट दुर्गा मंडप में निमार्णाधीन मंदिर में बाधा डाल रहे हैं। दुर्गा पूजा कमेटी मंदिर का निर्माण करा रही है। मंदिर का ढांचा तैयार है। ऐसे में कुछ लोग अपने हित के लिए निर्माण में लगातार बाधा डाल रहे हैं। उक्त बातें ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रेम मंडल ने सरायढेला के मंडलपाड़ा में शुक्रवार को आयोजित प्रेस वार्ता में कहीं। प्रेस वार्ता में दुर्गा पूजा कमेटी और ट्रस्ट के सदस्य समेत अन्य समाजसेवी शामिल थे। बताया गया कि 2017 में दुर्गा मंडप परिसर में जर्जर मंदिर को तोड़कर नए सिरे से भव्य मंदिर बनाने का निर्णय लिया गया।

इसके लिए दुर्गा पूजा कमेटी से इतर बूढ़ा बाबा ट्रस्ट बनाया गया, ताकि निर्माण, खर्च और राशि जुटाने में परेशानी न हो। सभी की सहमति से मंदिर का नक्शा तैयार किया गया और आकृति का बैनर भी सार्वजनिक किया गया। कुछ लोग विरोध कर रहे हैं कि दूसरी मंजिल पर शिवलिंग की स्थापना नहीं होनी चाहिए। साथ ही दावा कर रहे हैं कि उनके पुरखों ने जमीन दान की है, जबकि खतियान में स्पष्ट है कि भूमि का यह टुकड़ा गैर-आबाद है। बीते दिनों कुछ लोगों ने मंदिर का निर्माण रोक दिया और थाने जाकर खूब हंगामा किया। प्रेस वार्ता में प्रेम मंडल, हराधन महतो, शंकर प्रसाद सिंह, विद्यापति दास, गणपत महतो, प्रदीप मंडल, राजकिशोर महतो, अमित महतो, निर्मल महतो, प्रताप मलिक, निरोध मंडल, तपन मंडल, अजीत मंडल, मागा प्रसाद मंडल सहित अन्य शामिल थे।

## डिग्री कॉलेज राजगंज : विवि प्रशासन ने सभी शिक्षकों के सेवा की शुरू की जांच

मेट्रो रेज संवाददाता

**धनबाद :** राजगंज डिग्री कॉलेज में प्रभारी प्राचार्य की नियुक्ति को लेकर हुए शिक्षकों के दो गुटों के बीच हुई झड़प के बाद उत्पन्न हालात को लेकर बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय (बीबीएमकेयू) प्रशासन ने गंभीरता से लिया है. कुलपति प्रो राम कुमार सिंह ने कॉलेज के सभी शिक्षकों की सेवा संबंधी जानकारी, शैक्षणिक योग्यता और कार्य व्यवहार की फाइलें विवि में मंगा ली हैं. विश्वविद्यालय स्तर पर शिक्षकों के दस्तावेजों की जांच शुरू कर दी गई है.

कागजात की सुरक्षा को लेकर पुलिस ने जड़ा प्राचार्य कक्ष में ताला

मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए घटना के बाद पुलिस ने प्राचार्य कक्ष में ताला लगा दिया, ताकि वहां रखे दस्तावेजों से छेड़छाड़ न हो सके. शुक्रवार को भी कक्ष की निगरानी की गयी. उल्लेखनीय है कि 30 अप्रैल को प्रभारी प्राचार्य पीके त्रिवेदी की सेवानिवृत्त होने के बाद नये प्रभारी की नियुक्ति को लेकर विवाद हुआ था. कॉलेज में शिक्षकों के दो गुट आपस में भिड़ गये. हाथापाई हुई और कागजात फाड़े गये. ऐसे में पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा.

कुलपति स्वयं ले रहे मामले की जानकारी

शुक्रवार को कुलपति प्रो. सिंह ने कॉलेज के शासी निकाय के सचिव डॉ एएस बेक से इस विवाद की पूरी जानकारी ली. इसके बाद, कॉलेज के प्रधान लिपिक वीरेंद्र रजवार से सभी शिक्षकों की सेवा संबंधित फाइलें विश्वविद्यालय मुख्यालय मंगा ली गयीं. जल्द ही विवि की टीम राजगंज डिग्री कॉलेज जांच के लिए जायेगी.

विवाद की वजह

राजगंज डिग्री कॉलेज के शिक्षकों के बीच कथित वित्तीय अनियमितता को लेकर कई दिनों से दो गुट आमने-सामने थे. ज्ञात हो कि बैंक ऑफ इंडिया राजगंज में डिग्री कॉलेज का बैंक खाता कई माह से न्यायालय व विश्वविद्यालय के नोटिस से फ्रीज है. कॉलेज के शासी निकाय के सचिव सह विश्वविद्यालय प्रतिनिधि डॉ अमूल्य सुमन बेक का आरोप है कि जनवरी 2025 को कॉलेज के तत्कालीन प्रभारी प्राचार्य व वर्सर (अर्थपाल) ने अपने हस्ताक्षर से नौ लाख 33 हजार 183 रुपये की निकासी कर ली है. राशि की निकासी में कॉलेज के सचिव का हस्ताक्षर लिया नहीं गया है. शिकायत में सचिव ने कहा है कि मामले में दोषी लोगों व तत्कालीन बैंक प्रबंधक ने नियमों की अनदेखी कर कॉलेज को हानि पहुंचायी है. वहीं तत्कालीन प्रभारी (अभी सेवानिवृत्त) प्राचार्य डॉ प्रियतोष कुमार ने शासी निकाय के सचिव पर तानाशाही रवैया अपनाने का आरोप लगाया है. कहा है कि सभी वित्तीय लेन नियमानुसार हुए हैं.

## मोरशेरवा पहाड़ी मंदिर में नौ दिवसीय रुद्रचंडी महायज्ञ आरंभ

### भव्य कलश यात्रा में उमड़ी श्रद्धालुओं का जनसैलाब

### मुख्य अतिथियों ने कहा, यज्ञ से होती है वातावरण की शुद्धि, समाज में फैलता है सद्भाव



मेट्रो रेज संवाददाता

**चतरा :** जिले के पत्थलगड़ा प्रखंड अंतर्गत नावाडीह पंचायत स्थित प्रसिद्ध मोरशेरवा पहाड़ी मंदिर परिसर में शुक्रवार को नौ दिवसीय श्री श्री 108 अष्टभुजी दुर्गा माता, शिव, हनुमान एवं विश्वकर्मा प्राण-प्रतिष्ठा महायज्ञ का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। इस अवसर पर हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में गगनभेदी जयघोष और भक्ति गीतों के बीच शोभायात्रा निकाली गई, जो बुद्ध नदी तक जाकर विशेष वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ जल भरने के उपरांत पुनः यज्ञ स्थल लौटी।कलश यात्रा का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री सत्यानंद भोक्ता, जिला परिषद अध्यक्ष ममता कुमारी, उपाध्यक्ष ब्रजकिशोर तिवारी उर्फ बिरजू तिवारी, सिमरिया अनुमंडल पदाधिकारी सनी राज, झामुमो नेता मनोज चंद्रा, पत्थलगड़ा जिला परिषद सदस्य रामसेवक भगत, प्रखंड प्रमुख मनीषा कुमारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी कलींद्र साहू, अंचलाधिकारी उदल राम, थाना प्रभारी राकेश कुमार ने संयुक्त रूप से किया। उन्होंने श्रद्धालुओं को कलश प्रदान कर यात्रा को रवाना किया। मुख्य अतिथियों ने कहा कि ह्लऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में समरसता और शांति का वातावरण बनता है। यज्ञ न केवल धार्मिक महत्व रखता है, बल्कि यह पर्यावरण को भी शुद्ध करता है।ह्व उन्होंने आयोजन समिति को भव्य आयोजन के लिए साधुवाद दिया। इस महायज्ञ के दौरान अयोध्या एवं वृंदावन से आए विद्वान कथावाचकों द्वारा प्रतिदिन रात्रि में कथा-प्रवचन आयोजित होंगे। समस्त यज्ञ कार्यक्रमों के बीच मोरशेरवा पहाड़ी को आकर्षक विद्युत सज्जा और रंग-बिरंगे तोरण द्वारों से सजाया गया है। मंदिर परिसर में मेला भी लगाया गया है, जिससे क्षेत्र में उत्सव का माहौल है। महायज्ञ के दौरान नौ दिनों तक अखंड हरिकीर्तन और भंडारे का आयोजन किया जा रहा है तथा 10वें दिन पूणार्हुति, महाभंडारा और रात्रिकालीन भक्ति जागरण के साथ आयोजन का समापन होगा। इस अवसर पर यज्ञ समिति अध्यक्ष रमेश ठाकुर, प्रखंड प्रमुख मनीषा कुमारी, मुखिया कंचन देवी, समाजसेवी रामचंद्र दांगी, धुपाल प्रसाद, विश्वजीत दांगी, महादेव साहू, हिंदू जागरण मंच के जिलाध्यक्ष आशीष दांगी, धर्म प्रचार प्रमुख मुकेश दांगी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

